(b) and (c). The work entailing preparation, compilation and publication of a Hindi Encyclopaedia "Gyan Sarovar' was entrusted to a private educational institution in July, 1952. The terms and conditions are indicated in the appendix 'A'

(d) 'GYAN SAROVAR VOLUME I', Volume I (reprint) and Volume II were brought by the private institution. Volume III, manuscript of which was prepared by that institution, has actually been brought out by the Publication Division, Ministry of Information and Broadcasting. A sum of Rs. 2,05,396·87 has been spent on these volumes. The remaining volumes will be published by the Information and Broadcasting Ministry in due course.

Statement

The Maktaba Jamia (Jamia Millia Islamia) was expected to—

(A) arrange for its publication ; and

(B) dispose it of in accordance with the instructions of the Government of India.

2. So far as 'A' was concerned, the Maktaba was to abide by the decision of the Committee formed by the Government of India for this purpose, as conveyed to them by the Government of India regarding :

(a) the quality and size of the paper ;

(b) the size and font of type ;

(c) the physical make-up of the book-format, binding etc.,

(d) number of copies of each volume to be printed ;

(e) the time interval between the handing of a manuscript to the Maktaba and its publication ;

(f) the rates of printing.

So far as 'B' was concerned, the Maktaba was to—

(a) store printed copies of the Encyclopaedia free of cost to Govt. for three years ; and

(b) carry out Government of India's instruction regarding :

(i) the supply of copies to persons or institutions on such terms and conditions as may be laid down ;

(ii) the manner of the sale of the work, including price, sale agents, commissions etc.,

(iii) the publicity to be given to the work.

A Popular Encyclopaedia Fund was also created under the administration of Maktaba Jamia. The Maktaba was to maintain separate accounts of all the amounts received from the Government as also the sale proceeds etc. of the Encyclopaedia and take out such amounts from the Encyclopaedia Fund as may be authorised by the Government from time to time. The Government reserved the right to direct the Maktaba to refund to the Government such funds as may be decided from time to time considering the state of the Encyclopaedia Fund.

कलकत्ता स्थित पाकिस्तान की चांसरी की विध्वंसक योजना

1606. **श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि कलकत्ता स्थित पाकिस्तान के उप-उच्चायुक्त के कार्यालय में हाल ही में बहुत बड़ी संख्या में कागज जलाये गये थे ; और

(ख) क्या सरकार को सकारण यह विश्वास है कि इन कागज़ातों में ऐसी योजनायें थीं जिनसे साम्प्रदायिक तनाव पैदा करके बड़े पैमाने पर आन्तरिक विद्रोह तथा विध्वंस करवाया जाना अपेक्षित था ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) :

(क) इस आशय की कुछ खबरें मिली हैं ।

(ख) यह ज्ञात नहीं है कि जो कागज जलाए गये उनमें इस देश में आंतरिक विद्रोह या विध्वंस करने की कोई योजना थी ।

Technical Education in Secondary Schools

1607. Shri Madhu Limaye :
Shri Bagri :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether his Ministry have made a study of the technical education being imparted in the Secondary Schools in East and West Europe ;

(b) whether Government have under consideration any scheme to be implemented in the Fourth Five Year Plan to impart technically-biased education to the maximum number of students of secondary schools in the country ; and

(c) if so, the details thereof ?

Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) to (c). At present the matter is being examined in details by the Education Commission.

The Government will consider the entire question after Education Commission has submitted their recommendations.

Land Prices in Delhi

1608. Shri Ram Sewak Yadav :
Shri Madhu Limaye :
Shri Bagri :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the prices of land in Delhi are increasing day by day and the rents of houses have also increased considerably ; and

(b) if so, the action being taken by Government in respect thereof, especially to check the rise in rents ?

Deputy Minister of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) On the basis of the study of the sale deeds of some cases in some localities, it has been found that prices of land have shown downward trend in most of the colonies and a up-ward trend in some colonies. Rents in the urban areas of Delhi are controlled under the Delhi Rent Control Act, 1958. Standard rent, in relation to any premises, is fixed under Section 6 of the Act. In the case of newly constructed premises, the standard rent is that on which it is first let out for a period of five years.

(b) To check speculation in prices of land, Government are already implementing the scheme for large scale acquisition, development and disposal of land in Delhi, details of which were given in the statement laid on the Table of the House on 23rd March, 1961 in reply to notice under Rule 197 of Shri P. G. Deb. In regard to control over rents, the Delhi Rent Control Act, 1958, is in force.

दंडाधिकारी के सामने किये जाने स संबंधित नियमों का उल्लंघन

1609. **श्री मधु लिमये :**

श्री बागड़ी :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को वकीलों की संस्थाओं (बार असौसिएशन), नागरिक स्वतन्त्रता संघों (सिविल लिबरटीज़ यूनियन) तथा अन्य सार्वजनिक हित वाले निकायों से इस आशय की कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं, कि दंडाधिकारियों के सामने पेश किये जाने से सम्बन्धित सावैधानिक उपबन्धों को प्रायः उल्लंघन किया जाता है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने पुलिस तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को इस आशय की कोई हिदायतें दी हैं कि उन्हें विधि शासन के प्रति आदर भाव बनाये रखने के लिये इस उपबन्ध का सख्ती से पालन करना चाहिये ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) ऐसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली पुलिस का पुनर्गठन

1610. **श्री यशपाल सिंह :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विस्तारशील राजधानी की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस की संख्या में वृद्धि करने तथा उसका पुनर्गठन करने का सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो नई व्यवस्था के अन्तर्गत क्या-क्या परिवर्तन करने का विचार है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में कुल कितना व्यय होने की संभावना है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) : दिल्ली संघ राज्यक्षेत्र में अपराध स्थिति तथा दिल्ली पुलिस की विभिन्न शाखाओं की विशेष अवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय समय पर दिल्ली पुलिस की संख्या में वृद्धि की गई है और उसका पुनर्गठन किया गया है । एक विवरण जिसमें दिल्ली पुलिस को मजबूत बनाने तथा उसका पुनर्गठन करने के लिये चालू वर्ष में मंजूर किये गये कर्मचारियों तथा इस पर हुए व्यय की जानकारी दी हुई है संलग्न है ।

विवरण

क्रम संख्या	प्रस्ताव का नाम	वार्षिक अनुमानित व्यय
1	2	3
		रुपये
1	कर्मचारियों सहित पुलिस उपमहानिरीक्षक (प्रशासन) के अतिरिक्त पद का बनाया जाना	6,035.00
2	दिल्ली पुलिस गुप्तचर विभाग (विशेष शाखा) की जांच शाखा के लिये अतिरिक्त पदों का बनाया जाना	73,600.00
3	पालम हवाई अड्डे पर आप्रवासी कार्यालय के लिये अतिरिक्त पदों का बनाया जाना	1,41,158.00

1	2	3
4	16 जुलाई, 1965 से पंजाब सरकार से रेलवे पुलिस के प्रशासनिक नियंत्रण में परिवर्तन के परिणामस्वरूप अतिरिक्त पदों का बनाया जाना	7,52,660.00
5	1 मार्च 1966 से बीट पैट्रोल स्टाफ की क्षमता बढ़ाने के लिये अतिरिक्त पदों का बनाया जाना	
	(एक) थाना चाणक्यपुरी (दो) थाना पार्लियामेंट स्ट्रीट (तीन) थाना तुगलक रोड	6,15,000.00
	(चार) थाना किंग्सवे कैंप .	1,26,700.00
6	1 मार्च, 1966 से दिल्ली पुलिस के कन्टिंजेंसी रिजर्व स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिये अतिरिक्त पदों का बनाया जाना	3,29,300.00
7	अभियोग शाखा के कर्मचारियों की संख्या का बढ़ाया जाना .	40,000.00
	योग .	20,84,453.00

एस० जे० टी० बी० अस्पताल में एक रोगी की मृत्यु

1611. श्री बागड़ी :

श्री यशपाल सिंह :

श्री मधु लिमये :

क्या गृह-कार्य कार्य मंत्री एस० जे० टी० बी० अस्पताल, दिल्ली में तपेदिक के एक रोगी की मृत्यु के बारे में 22 सितम्बर, 1965 के तारांकित प्रश्न संख्या 791 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस बीच इस मामले की पूरी जांच कर ली है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री श्री ल० ना० मिश्र : (क) और (ख) : अभी तक मामले की जांच की जा रही है ।

Action Against Officials Leaking Secrets

1612. Shri M. L. Dwivedi :
Shri S. C. Samanta :
Shri Parashar :
Shri S. N. Chaturvedi :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether any officials of the Secretariat or other Departments under the Government of India at Delhi were apprehended during the past Indo-Pak fighting who used to leak out secrets to the enemy ;

(b) if so, the number of such persons and the action taken or being taken against them ; and

(c) whether a list showing the names of persons against whom the charges of leaking out the secrets have been levelled will be laid on the Table ?

4—10 Lok Sabha/66.

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.

Hindi Salahkar Samiti

1613. Shri M. L. Dwivedi :
Shri S. C. Samanta :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) the amount sanctioned for the recurring and non-recurring expenditure in respect of the works of Hindi Salahkar Samiti appointed by his Ministry during 1965-66 as also the details of the amount utilised so far ; and

(b) the steps taken to publicise the work of this Samiti ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) No separate budget provision has been made for the Hindi Salahkar Samiti. The expenditure on its working is met from the Home Ministry's budget grants. So far during the current financial year about Rs. 46,000 have been spent on the Samiti's work.

(b) While replying to certain questions, Statements containing the recommendations made by the Samiti since its constitution along with the action taken thereon by Government have been laid on the table of the House.

Central Government Employees Consumers Co-op. Society, Ltd.

1614. Shri Ram Sewak Yadav :
Shri Madhu Limaye :
Shri Bagri :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) the profit earned by the Central Government Employees Consumer Co-operative Society, Limited, New Delhi so far ;

(b) whether it has declared any dividend to its shareholders ; and

(c) if not, the reasons therefore ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) The profit for the co-operative year 1963-64 was Rs. 1,30,300·90P. The accounts for the co-operative year 1964-65 have still to be audited.

(b) and (c). Dividend of Rs. 37,003·50 (at $6\frac{1}{4}$ on the paid up capital at charge as on 30-6-1964 *i.e.* Rs. 5,92,056·00) has been declared.

कावेरी नदी क्षेत्र (बेसिन) में खुदाई कार्य (ड्रिलिंग)

1615. श्री सुबोध हंसदा :
श्री मुथिया :

क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग ने कावेरी नदी क्षेत्र में कराइकल और पट्टकोटाई के निकट तेल निकालने के लिये खुदाई कार्य (ड्रिलिंग) आरम्भ कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो आज तक किस गहराई तक खुदाई हो चुकी है ;

(ग) क्या वहां से तेल मिलने की कोई संभावना दिखाई दी है ; और

(घ) इस कार्य के लिये ऐसे कितने कुएं खोदे जायेंगे ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) जी, हां ।

(ख) पहला कुंआं 800 मीटर तक खोदा गया ।

(ग) तेल के चिन्ह पाय गये हैं ।

(घ) इस का बाद में फैसला किया जायेगा ।

स्वर्गीय श्री बटुकेश्वर दत्त के परिवार के लिये सहायता

1616. **श्री स० मो० बनर्जी :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि महान क्रांतिकारी नेता स्वर्गीय श्री बटुकेश्वर दत्त के परिवार के सदस्यों को यदि कोई वित्तीय सहायता दी गई है तो कितनी राशि की ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : गृह-मंत्री की विवेकानुदान राशि में से 500 रुपये । पंजाब सरकार ने भी मुख्य मंत्री की सहायता निधि में से 5,000 रुपये और राष्ट्रीय कार्यकर्ता सहायता निधि से 250 रुपये प्रति मास का मासिक भत्ता मंजूर किया है । इसके आलावा श्री बटुकेश्वर दत्त के इलाज पर भी 9,962 खर्च किया गया था ।

Price of Oil

1617. **Shri Madhu Limaye :**
Shri Bagri :

Will the Minister of **Petroleum** and **Chemicals** be pleased to state :

(a) the share of (i) Central and State Government taxes and (ii) company's and distributor's profits in the consumer price of a litre of petrol, diesel oil and kerosene in Bombay ; and

(b) the steps which Government propose to take to bring relief to the consumer ?

The Minister of Petroleum and Chemicals (Shri Humayun Kabir) : (a) The required information is as under :—

	Motor Spirit	H.S.D. Oil	L.D.O.	Kerosene (Sup.)	Kerosene (Inf.)
(i) Price of one litre	75 Paise	68 Paise	26 Paise	42 Paise	28 Paise
(ii) Central duty included in (i) . .	54 ,,	51 ,,	13 ,,	27 ,,	16 ,,
(iii) Profit included in (i)	2 ,,	2 ,,	0·9 ,,	0·9 ,,	0·9 ,,
(iv) Dealers' Commission included in (i)	4 ,,	2 ,,	..		
(v) Agents' Commission included in (i)			0·7 Paise	0·8 Paise	0·8 Paise

These prices are exclusive of sales tax, octroi, local taxes, etc. levied by the State Governments/local authorities.

(b) Increases in prices over the past several years have been only on account of statutory levies. Relief to the consumers depends on relief in the element of duty (which constitutes a predominant portion of the selling price per litre for each product) for which there appears no scope at present because of the need for revenues.

Barauni-Kanpur and Barauni-Haldia Pipe Line

1618. Shri D. M. Tiwary : Will the Minister of **Petroleum** and **Chemicals** be pleased to state :

(a) whether there is an inordinate delay in the construction of the Barauni Kanpur and Barauni-Haldia pipe lines;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) how the oil from Barauni is being sent to both these places at present ?

The Minister of Petroleum & Chemicals (Shri Humayun Kabir) : (a) and (b). No, Sir, except for the delay in the start of construction by about four months on account of delay in arrival of main pipe lines from Japan and the contractor's inability to secure jeeps and trucks in time.

(c) By rail tank wagons.

बरौनी तेल-शोधक कारखाना

1619. श्री प्र० चं० बरूआ :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री बसुमतारी :
श्रीमती रेणुका बड़कटकी :

क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आसाम में हाल ही में की गई अशोधित तेल की खोज के परिणामस्वरूप बरौनी तेल-शोधक कारखाने के लिए तेल की सप्लाई में वृद्धि करने की गुंजाइश बढ़ गई है ;

(ख) क्या बरौनी तेल-शोधक कारखानें की क्षमता को 20 लाख मीट्रिक टन से 30 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाने की योजना को अन्तिम रूप दिया जा चुका है ; और

(ग) क्या इस विस्तार के कारण हल्दिया तेल-शोधक कारखाने को स्वदेशी स्रोतों से की जाने वाली अशोधित तेल की सप्लाई में कोई बाधा नहीं पड़ेगी ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) और (ख) : जी, हां ।

(ग) यह पाये जाने वाले संचयों की मात्रा पर निर्भर होगा ।

कर्मचारी संस्थाओं की मांगें

1620. श्री स० मो० बनर्जी : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में उनके मंत्रालय को नई दिल्ली में केन्द्रीय सचिवालय के कर्मचारियों की संस्थाओं की ओर से कितनी मांगें प्राप्त हुई हैं

(ख) इन मांगों का ब्यौरा क्या है तथा इनमें से कितनी (1) स्वीकार की गई हैं तथा (2) अस्वीकार कर दी गई है; और

(ग) इन मांगों को अस्वीकार करने के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग) : केन्द्रीय सचिवालय में काम करने वाले कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाली अनेक सेवा संस्थाएं हैं और इनके द्वारा समय-समय पर पेश की गई मांगों की संख्या बहुत है और वे मांगे भिन्नभिन्न प्रकार की हैं। इसके अलावा उनमें से अधिकांश का सम्बन्ध नीति सम्बन्धी मामलों से है और वे इतने बड़े मामले हैं कि उन्हें एक प्रश्न के उत्तर की सीमाओं में नही बांधा जा सकता।

मध्य प्रदेश में पेट्रोल के लिये सर्वेक्षण

1621. **श्री यशपाल सिंह** : क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले तीन वर्षों में मध्य प्रदेश में पैट्रोल के लिये कोई सर्वेक्षण किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो किनकिन स्थानों पर ; और

(ग) उसके क्या परिणाम निकले हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) और (ख) : जी, हां। सागर जिला और झांसी के संलग्न क्षेत्रों में अभिदर्शित (exposed) विन्ध्यनों (Vindhyans) का भूगर्भीय मानचित्रण किया गया है।

(ग) अब तक प्राप्त हुई सूचना के अनुसार इस स्थिति पर अन्वेषी व्यधन नहीं किया जा सकता।

निःशुल्क तकनीकी शिक्षा

1622. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती** :
श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या चतुर्थ श्रेणी तथा अन्य कम आय वाले कर्मचारियों के बच्चों को माध्यमिक स्तर से आगे तकनीकी तथा व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने में सहायता देने के उद्देश्य से, सरकारी तकनीकी संस्थाओं में उन्हें निःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था की जा रही है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की किसी भी श्रेणी के बच्चों की निःशुल्क शिक्षा के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।

प्रक्रियागत प्रशासनिक विलम्ब को मिटाना

1623. **श्री प्र० चं० बरुआ** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री 25 अगस्त, 1965 के तारांकित प्रश्न संख्या 204 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रशासनिक विलम्ब की समस्याओं तथा तत्सम्बन्धी मामलों पर विचार करने के लिये बनाई गई मन्त्री स्तर की समिति द्वारा प्रक्रियागत विलम्ब को मिटाने तथा प्रशासनिक कार्य की गति को तेज करने के लिये इस बीच क्या निर्णय किये गये है ; और

(ख) इस सम्बन्ध में और क्या प्रस्ताव किये गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख) : मंत्री स्तर की समिति द्वारा किय गए अधिक महत्वपूर्ण निर्णयों में से कुछ नीचे दिये गए है :—

(1) वित्तीय प्रत्यायोजन के प्रश्न की प्रक्रियागत सरलीकरण के किसी भी प्रयत्न के आधार के रूप में समीक्षा की जानी चाहिये और प्रारम्भिक उपाय के रूप में एकदम 1962 के वित्तीय प्रत्यायोजन पर लौट आना चाहिये।

(2) मंत्रालयों से अबतक नियुक्त किये गए अध्ययन दलों के प्रतिवेदनों में से उठ खड़े होने वाले प्रमुख प्रश्नों पर इन सिफ़ारिशों का अपनी गतिविधियों के क्षेत्र का सर्वेक्षण करने में मार्गदर्शक के रूप में उपयोग करते हुए विचार करने का अनुरोध किया जाना चाहिये ताकि समस्या वाले इलाकों को पहचाना जा सके और ऐसे उपाय खोजे जा सकें जिनसे प्रक्रियागत जटिलताओं और मनमानी को दूर कर के नियंत्रण पर बल दिया जा सके ।

(3) अधिकारी स्तर पर काम को निपटाने की एक संगठन पद्धति शीघ्र चालू करनी चाहिये ।

(4) विभिन्न अवरोध स्थलों को ढूंढ कर सरकारी तथा निजी दोनों ही क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ाने के लिये उपाय सुझाने तथा की गई प्रगति पर लगातार निगरानी रखने के लिये योजना आयोग को एक पत्र तैयार करना चाहिये ताकि समय पर सुधारात्मक पग उठाये जा सकें ।

(5) मंत्रालयों से (i) अपने अधीन ऐसे नियंत्रणों पर जो अनावश्यक हों अथवा सरल करने योग्य हों विचार करने; (ii) जहां कहीं सम्भव हों नियंत्रण समाप्त करने और (iii) जिन नियंत्रणों को कायम रखना जरूरी समझा जाय उनके यथा सम्भव सरलीकरण, पर विचार करने का अनुरोध किया जाय ।

Editorial in Urdu Daily of Delhi

1624. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya** : Will the Minister of **Home Affairs** to pleased to state :

(a) whether it is a fact that an Urdu Daily of Delhi published in its editorial of the 2nd October, 1965 that we will prefer to hand over some part of Ladakh to China rather than give Kashmir to Pakistan ; and

(b) if so, the steps taken against such antinational writings ?

Minister of State in the Ministry of Home Affairs and Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Hathi) : (a) Yes, Sir.

(b) The editorial, read as a whole is not considered actionable in law.

Unlicensed Gun factory at Indore

1625. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya** : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that one unlicensed gun and ammunition factory was recently detected at Indore (Madhya Pradesh);

(b) whether it is also a fact that the said factory was also used as a centre for anti-social activities; and

(c) if so, the action taken against the persons concerned ?

Deputy Minister of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Does not arise.

Murder of a Tibetan Student

1626. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a Tibetan student was killed in Delhi on the 7th October, 1965; and

(b) if so, the steps taken so far in this connection ?

Deputy Minister of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) Yes, Sir.

(b) The person alleged to have stabbed the student was arrested the same evening. The case is under investigation.

Rifles at Concessional Rates

1627. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether Government have decided to give rifles at concessional rates to the trained persons; and

(b) if so, the details thereof ?

Deputy Minister of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

मैसूर में खनन कॉलेज

1628. **श्री लिंग रेड्डी :** क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसूर राज्य की सरकार ने कोलार स्वर्ण क्षेत्र में अथवा भद्रावती में टैकनोलोजी (औद्योगिकी) का एक कॉलेज खोलने का प्रस्ताव किया था, जिसमें खनन तथा धातुकार्मिक विषय पढ़ाये जायें ; और

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, हां ।

(ख) मैसूर सरकार को सूचित किया गया था कि इस योजना पर चौथी पंच वर्षीय योजना के तकनीकी शिक्षा सम्बन्धी केन्द्रीय कार्यकारी दल की सिफारिशों को ध्यान में रखकर विचार करना होगा । कार्यकारी दल ने अपने प्रतिवेदन को अन्तिम रूप नहीं दिया है ।

पंजाब में लड़कियों की शिक्षा

1629. **श्री दलजीत सिंह :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्रीय सरकार ने तीसरी पंचवर्षीय योजना अवधि में पंजाब राज्य में लड़कियों की शिक्षा पर कितनी राशि खर्च की है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : पंजाब राज्य में लड़कियों की शिक्षा से सम्बन्धित विशेष योजनाओं पर 1964–65 तक 7.80 लाख रुपये खर्च हुए थे । इसके अतिरिक्त, सामान्य शिक्षा पर हुए खर्च का कुछ भाग लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा पर भी किया गया था, किन्तु इसका हिसाब अलग से उपलब्ध नहीं है ।

राज्य के स्वैच्छिक शैक्षिक संगठनों को तीसरी पंचवर्षीय योजना की अवधि के दौरान अब तक 35,000 रुपये के अनुदान भी दिए गए हैं ।

पंजाब उच्च न्यायालय में लम्बित मुकदमे

1630. **श्री दलजीत सिंह** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1 अक्तूबर, 1965 को चण्डीगढ़ स्थित पंजाब उच्च न्यायालय में कितने मुकदमे लम्बित थे?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) 1 अक्तूबर, 1965 को पंजाब उच्च न्यायालय में लम्बित मुकदमों की कुल संख्या 25,397 (16,965 चंडीगढ़ में और 8,432 दिल्ली में थी)।

पंजाब में प्राथमिक पाठशालाओं की इमारतें

1631. **श्री दलजीत सिंह** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1964-65 और 1965-66 में अब तक प्राथमिक पाठशालाओं की इमारतें बनाने के लिये पंजाब सरकार को ऋण अथवा सहायता के रूप में कितनी रकम दी गई है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सौन्दरम् रामचन्द्रन) : क्योंकि 1964-65 और 1965-66 के दौरान केन्द्रीय सहायता के अन्तर्गत ऐसी कोई विकास योजना नहीं थी, इसलिए इन वर्षों के दौरान केन्द्र द्वारा पंजाब को कोई ऋण अथवा उपदान नहीं दिया गया है ।

"स्लैक कोल" तथा "कोक ब्रीज" का वाणिज्यिक प्रयोग

1632. **श्री स० चं० सामन्त :**
श्री म० ला० द्विवदी :
श्री सुबोध हंसदा :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या "स्लैक कोल" तथा "कोक ब्रीज" के वाणिज्यिक प्रयोग के बारे में केन्द्रीय ईंधन अनुसन्धान संस्था ने अपना जांच-कार्य पूरा कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में बनाये गये तरीके का वाणिज्यिक प्रयोग करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : इस संस्था ने "स्लैक कोल" तथा "कोक ब्रीज" और/अथवा परिष्कृत धातु अयस्कों से ब्रिकेट तथा सांचे में ढली आकृतियां बनाने का तरीका निकाला है ।

(ख) इस तरीके को वाणिज्यिक प्रयोग के लिए मैसर्स कोक ब्रीज बाइंडर कम्पनी, कलकत्ता को किराया पर दे दिया गया है ।

दिल्ली में अधिसूचित भूमि

1633. **श्री शिव चरण गुप्त** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली प्रशासन ने भूमि अर्जन करने के लिये अब तक कुल कितने क्षेत्रफल भूमि अधिसूचित की है; और

(ख) अब तक कितनी भूमि के लिये प्रतिकर दिया जा चुका है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) 56,300 एकड़ ।

(ख) ऐसा क्षेत्र जिसके लिये अब तक प्रतिकर दिया जा चुका है 21,138 एकड़ है ।

पाकिस्तान प्रतिरक्षा कोष के लिये अंशदान

1634. **श्री मोहसिन** : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के एक भारतीय उद्योगपति ने पाकिस्तान प्रतिरक्षा कोष में 20 लाख रुपये दिये हैं; और

(ख) यदि हां, तो उसके विरुद्ध शत्रु की सहायता करने के कारण क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) सरकार के पास ऐसी कोई सूचना नहीं है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

शेख अब्दुल्ला की श्री जय प्रकाश नारायण के साथ मुलाकात

1635. **श्री च० का० भट्टाचार्य** : क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोडेकनाल में श्री जय प्रकाश नारायण ने शेख अब्दुल्ला के साथ मुलाकात की थी ; और

(ख) श्री जय प्रकाश नारायण ने अपने आवेदन-पत्र में शेख अद्बल्ला की निगरानी करने वाले प्राधिकारियों को अपनी मुलाकात का क्या उद्देश्य बताया था ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) कोडेकनाल में श्री जय प्रकाश नारायण की शेख अब्दुल्ला के साथ कोई मुलाकात नहीं हुई।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

"इण्डेन गैस"

1636. **श्री च० का० भट्टाचार्य** :
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री प्र० चं० बरूआ :

क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री 8 सितम्बर, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1758 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंडियन आयल कम्पनी की तरलीकृत पैट्रोलियम गैस की बिक्री करने के लिये दो वितरक किस तिथि को नियुक्त किये गये थे ;

(ख) क्या कलकत्ता के बाजार में "इण्डेन गैस" अब बिक्री के लिये आ गई है; और

(ग) यदि हां, तो कब से ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) कलकत्ता में नियुक्त किये गये दो "इण्डेन" वितरकों में से एक को जून 1964 में और दूसरे को जून 1965 में नियुक्त किया गया था।

(ख) और (ग) : जी हां ; 21 अक्तूबर, 1965 से।

राजस्थान में नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों की खपत

1637. **श्री इन्द्रजीत लाल मल्होत्रा** :
श्री कर्णी सिंहजी :
श्री प० ला० बारूपाल :

क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बीकानेर, जयपुर और उदयपुर में भी उर्वरक संयंत्र स्थापित किये जायेंगे ; और

(ख) यदि हां, तो उन का ब्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

सैनिक कोआपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी

1638. श्री हरि विष्णु कामत : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सैनिक कोआपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी ने दिल्ली तथा नई दिल्ली में भूमि देने के लिए सरकार से प्रार्थना की है; और

(ख) यदि हां, तो इस विषय में क्या निर्णय किया गया है;

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी हां।

(ख) मामला विचाराधीन है ।

उत्तर प्रदेश में "गन फैक्टरी"

1639. श्री हिम्मतसिंहका : श्री विश्वनाथ राय :
श्री रामेश्वर टांटिया : श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में सरकारी क्षेत्र में एक 'गन फैक्टरी' लगाने के लिए केन्द्रीय सरकार से कहा है;

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) इस फैक्टरी को लगाने में अनुमानतः कितना व्यय होगा; और

(घ) इस का वार्षिक उत्पादन क्या होगा ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी हां ।

(ख) मामला विचाराधीन है ।

(ग) और (घ) : उत्तर प्रदेश सरकार ने ब्यौरा तैयार नहीं किया है ।

Participation of Pakistanis in "Urs" in Ajmer

1640. **Shri Onkar Lal Berwa : Shri Yudhvir Singh :**
Shri Jagdev Singh Siddhanti : Shri Hukam Chand Kachhavaiya :
Shri Bade :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that 'Urs' fair was recently held in Ajmer this year ;

(b) whether it is also a fact that a number of Pakistani spies took part in that fair; and

(c) if so, whether Government have taken any specific steps to investigate into the matter ?

Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) Yes, Sir.

(b) There is no information of any Pakistani spies having taken part in the fair.

(c) Does not arise.

Privy Purse of Junior Begum of Bhopal

1641. Shri A. S. Saigal : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether the Government of Madhya Pradesh have advised the Central Government to discontinue the payment of privy purse to the junior Begum of Bhopal ;

(b) if so, the action taken thereon; and

(c) whether it is also a fact that the Begum of Bhopal has changed her nationality and has now become a national of the United Kingdom ?

Minister of State in the Ministry of Home Affairs and Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Hathi) : (a) and (b). In consultation with the State Government the payment of allowance to Her Highness Shah Dulhan Aftab Jahan, Junior Dowager Begum of Bhopal, has been discontinued with effect from 1st April, 1965.

(c) Her Highness Shah Dulhan Aftab Jahan, Junior Dowager Begum of Bhopal has relinquished Indian citizenship and acquired British Nationality.

कलकत्ता के होटलों में सेवा नियुक्त पाकिस्तानी राष्ट्रजन

1642. श्री च० का० भट्टाचार्य : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन का ध्यान इस तथ्य की ओर दिलाया गया है कि कलकत्ता के होटलों, रैस्टोरेंटों और जीमखानों में पाकिस्तानी पारपत्र के साथ आये हुए व्यक्ति वेटरों और बैरों के रूप में काम करते हैं; और

(ख) क्या उन को हटाने के लिये कोई कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख) : सूचना एकत्रित की जा रही है और उपलब्ध होते ही सदन के सभा पटल पर रख दी जायगी।

भारत सेवक समाज, उड़ीसा

1643. श्री रामचन्द्र उलाका :

श्री धुलेश्वर मीना :

क्या शिक्षा मंत्री 14 अप्रैल, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2237 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सेवक समाज की उड़ीसा शाखा को 1965-66 में विभिन्न शिबिरों को चलाने के लिये वित्तीय सहायता देने के प्रस्ताव पर विचार किया जा चुका है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) और (ख) : 60 परिवार नियोजन पुनर-नुस्थापन प्रशिक्षण शिबिरों के लिए 36,000 रुपये के अनुदान हेतु एक प्रार्थना स्वास्थ्य मंत्रालय में प्राप्त हुई है जो उस मंत्रालय के विचाराधीन है।

तिहाड़ जेल की घटना

1644. श्री बीरेन दत्त : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 21 अक्तूबर, 1965 को तिहाड़ सैंट्रल जेल के एक अधिकारी के द्वारा बुलाये जाने पर एक नज़रबंद व्यक्ति को उसकी पत्नी के साथ विधिवत् मंजूर की गई मुलाकात के लिये जेल के द्वार पर ले जाया गया;

(ख) क्या यह सच है कि जेल के द्वार पर उसे कुछ वार्डरों ने मारा पीटा और उसे उसकी पत्नी से मिलने नहीं दिया गया;

(ग) क्या अधीक्षक ने उन दोषी वार्डरों के विरुद्ध कार्यवाही की है; और

(घ) यदि हां, तो उनको क्या दंड दिया गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) नजरबन्द के साथ वार्डरों ने दुर्व्यवहार किया किन्तु वह अपनी पत्नी से मुलाकात कर सका।

(ग) जी हां। तीनों सम्बन्धित वार्डरों के खिलाफ़ कार्यवाही की गई और उन्हें निलम्बित कर दिया गया।

(घ) अब उन तीनों वार्डरों को दंड दे दिया गया है। छः महीने के लिये सिवाय बीमारी की अवस्था के अलावा उनकी छूट्टी बंद कर दी गई।

वामपंथी साम्यवादियों की नजरबन्दी सम्बन्धी आयोग

1645. **श्री कोल्ला वेंकैया** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने वामपंथी साम्य-वादियों की नज़रबंदी के कारणों का परीक्षण करने के लिये उच्च न्यायालय अथवा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों का एक आयोग नियुक्त करने के प्रस्ताव के संबंध में कोई निर्णय कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या निर्णय किया गया है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी): (क) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

Prices of Soap

1646. **Shri Sidheshwar Prasad** : Will the Minister of **Petroleum and Chemicals** be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been invited to the fact that the prices of soap have risen this month;

(b) if so, the causes thereof; and

(c) the steps being taken to make soda ash and soap easily available in the rural areas ?

The Minister of State in the Ministry of Petroleum and Chemicals (Shri Alagesan) : (a) Yes. The manufacturers increased the prices with effect from 1-9-1965.

(b) Increase in cost of production due to rise in prices of raw materials.

(c) There is no control over distribution of soap and soda ash. Distribution of soap and soda ash to all consumers including those in rural areas are arranged through normal commercial channels and there have been no reports of any difficulty in availability of these items in the rural areas.

केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा

1647. **श्री दाजी** : **श्री ईश्वर रेड्डी** :
श्री वारियर : **श्री वासुदेवन नायर** :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूसरे वेतन आयोग की इस सिफारिश को कि 80 से 90 प्रतिशत तक पदों को, 3 वर्ष तक कायम रहने पर स्थायी बना देना चाहिये, केन्द्रीय सचिवालय लिपिक (क्लैरीकल) सेवा के संबंध में क्रियान्वित किया जा रहा है ;

(ख) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक (क्लैरीकल) सेवा में इस समय कितने स्थायी कर्मचारी है तथा कितने अस्थायी; और

(ग) उन कर्मचारियों को, जो दस वर्ष से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं, केन्द्रीय सचिवालय लिपिक (क्लैरीकल) सेवा में स्थायी बनाने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी हां। केन्द्रीय सचिवालय सेवा के विभिन्न ग्रेडों की स्थायी अधिकृत संख्या निर्धारित करने वाले सिद्धांतों से सम्बन्धित गृह मंत्रालय के 29-3-63 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 11/21/62—सी० एम० (ए) की एक प्रति सदन के सभा-पटल पर रख दी गई है।

(ख) जो सूचना मांगी गई है वह एकदम उपलब्ध नहीं है क्योंकि 1-11-62 से केन्द्रीय सचिवालय सेवा को विकेन्द्रीत कर दिया गया। यह सूचना एकत्रित करनी पड़ेगी।

(ग) विकेन्द्रीकरण के बाद प्रत्येक ग्रेड की अधिकृत स्थायी संख्या की वार्षिक समीक्षा तथा पुर्ननिर्धारण करना और इसी प्रकार केन्द्रीय सचिवालय सेवा नियमावली 1962 की व्यवस्था के अनुसार उक्त ग्रेड की इस प्रकार पुर्ननिधारित स्थायी संख्या के लिये स्थायी नियुक्तियां करना ग्रेड के प्राधिकारियों का काम है।

वरिष्ठता सम्बन्धी नियम

1648. श्री मुहम्मद इलियास :
श्री वारियर :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सचिवालय सेवा में वरिष्ठता संबंधी नियम इस प्रकार बनाये जाते हैं कि अपने ग्रेड में अधिक वर्षों की सेवा वाले कर्मचारियों को उस ग्रेड में सीधे भर्ती होने वाले कम वर्षों की सेवा वाले कर्मचारियों की तुलना में कनिष्ठ माना जाता है, जिसके परिणामस्वरूप भावी पदोन्नति की दृष्टि से अधिक सेवा वाले कर्मचारियों को नुकसान होता है ;

(ख) यदि हां, तो क्या विभागीय तौर पर पदोन्नत किये गये तथा सीधे भर्ती किये गये कर्मचारियों के बीच जो दोनों उस पद के लिये उपयुक्त होने के कारण ही चुने जाते है इस प्रकार का भेदभाव करना सरकार द्वारा उचित एवं न्यायपूर्ण समझा जाता है ; और

(ग) इस विषय में सरकार का विभागीय तौर पर पदोन्नत किये गये हजारों कर्मचारियों की शिकायत को दूर करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग) : यह एक सर्वमान्य सिद्धांत है कि :—

(i) सभी स्थायी कर्मचारी अस्थायी कर्मचारियों से वरिष्ठ माने जाते हैं।

(ii) किसी ग्रेड में प्रतियोगिता परीक्षा अथवा निर्वाचन द्वारा नियुक्त व्यक्तियों की पारस्परिक वरिष्ठता उनके द्वारा प्रतियोगिता में प्राप्त क्रम के अनुसार निर्धारित होगी।

(iii) अस्थायी कर्मचारियों की वरिष्ठता उनके स्थायी किये जाने के क्रम के अनुसार होनी चाहिये ; और

(iv) सीधे भर्ती होने वालों और विभागीय तौर पर पदोन्नत व्यक्तियों की तुलनात्मक वरिष्ठता दोनों श्रेणियों के लिये निर्धारित अभ्यंश के अनुसार क्रम से संचालित की जानी चाहियें। किसी ग्रेड के स्थायी पदों पर नियुक्त सीधे भर्ती होने वालों और पदोन्नत

व्यक्तियों की नियमानुसार निर्धारित अनुपातों में क्रमिक नियुक्ति द्वारा की जाती है और इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों की वरिष्ठता भी उसी क्रम से संचालित होती है। जब किसी ग्रेड में सीधे भर्ती की जरूरत एक बार स्वीकार कर ली जाती है तब ऊपर दिये गए तरीके से वरिष्ठता का निर्धारण ही एकमात्र उचित और न्यायपूर्ण उपाय समझा जाता है।

केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा

1649. श्री वारियर :
श्री ईश्वर रेड्डी :
श्री दाजी :
श्री वासुदेवन नायर :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनको कुछ कर्मचारी संस्थाओं तथा संसद् सदस्यों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि 1 मई, 1957 को केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा की श्रेणी दो के 209 स्थायी पदों में से जो अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों के लिये आरक्षित रखे गये थे, अन्ततोगत्वा केवल 135 पदों पर ही उन्हें स्थायी बनाया गया और शेष 74 पदों पर 1 मई, 1959 के सामान्य अन्यश के कर्मचारियों को गृह-कार्य मंत्रालय द्वारा स्थायी बनाया गया ; और

(ख) यदि हां, तो कर्मचारियों के साथ किये गये इस भीषण अन्याय को मिटाने के लिये क्या कार्यवाही की गई है और भविष्य में ऐसी बात न हो यह सुनिश्चित करने के लिये क्या कार्यवाई करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) और (ख) : सदन के सभा-पटल पर एक विवरण रख दिया गया है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल०टी०-5283/65।**]

केन्द्रीय सचिवालय के कार्यालयों में अपर डिवीजन क्लर्क के पद समाप्त करना

1650. श्री वारियर :
श्री दाजी :
श्री स० मो० बनर्जी :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "मैक्सवल कमेटी", पहले वेतन आयोग तथा दूसरे वेतन आयोग ने यह सिफारिश की थी कि केन्द्रीय सचिवालय के कार्यालयों में अपर डिवीजन क्लर्कों के पद समाप्त किए जायें क्योंकि ये सचिवालय की आवश्यकताओं के अतिरिक्त हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त उच्चाधिकार प्राप्त निकायों को स्पष्टतया निश्चित सिफारिशों के बावजूद भी केन्द्रीय सचिवालय के कार्यालयों में इन पदों को बनाये रखने के क्या कारण है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) और (ख) : सदन के सभा-पटल पर एक विवरण रख दिया गया है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 5284/65।**]

आदिवासियों की होम गार्डों के रूप में भर्ती

1651. श्री ह० च० सोय : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार में छोटा नागपुर क्षेत्र तथा निकटवर्ती क्षेत्रों के आदिवासी युवक अपने परम्परागत धनुष्यबाण के साथ अच्छे जंगल स्काउट बन सकते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस क्षेत्र के होम गार्डों को रायफल और बन्दूकों के अलावा धनुष्यबाण से सुसज्जित करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी हां।

(ख) संबंधित राज्य सरकारों से इस आशय को कोई सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है।

केरल में नजरबन्दियों को सुविधायें

1652. **श्री वासुदेवन नायर :**

श्री वारियर :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल में नजरबन्दियों को "न्यू एज" और "पीपल्स डेमोक्रेसी" जैसी पत्रिकाएं नहीं दी जाती ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख) : राज्य सरकार के नजरबंदों को पार्टी साहित्य न देने के 31 अगस्त, 1965 के आदेश के अनुसार जेल अधिकारियों ने 31 अगस्त, 1965 के बाद से उक्त पत्रिकाएं देना बन्द कर दिया था।

किन्तु अब सरकार ने अपने आदेश में संशोधन कर लिया है, और वैध होने के कारण ये पत्रिकाएं नजरबन्दों के खर्च पर उन्हें दी जाती है।

केरल सरकार के कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता

1653. **श्री. वासुदेवन नायर :**

श्री वारियर :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिये महंगाई भत्ते की नई दरों की घोषणा की है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या बढ़े हुए महंगाई भत्ते के एक भाग को प्रतिरक्षा बांडों में बदलने का कोई प्रस्ताव है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य तथा प्रति रक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) राज्य सरकार ने, वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार, महंगाई भत्ते की निम्नलिखित दरें लागू की हैं जो मद्रास में लागू दरों के समान हैं :—

प्रतिमास वेतन	प्रति मास महंगाई भत्ते की दर
90 रु० से नीचे . . .	33 रु०
90 रु० से 149 रु० तक . . .	50 रु०
150 रु० से 209 रु० तक . . .	65 रु०
210 रु० से 399 रु० तक . . .	81 रु०
400 रु० से 1,000 रु० तक . . .	90 रु०
1,000 रु० से ऊपर . . .	1090 रु० से वेतन जितना कम हो।

(ग) 90 रु० से 1010 रु० (महंगाई वेतन को मिलाकर) तक वेतन वाले कर्मचारियों को जिन रूपों में अपने वेतन का निर्धारित भाग जमा कराना होता है उनमें से एक द्वादस-वर्षीय राष्ट्रीय प्रतिरक्षा प्रमाण-पत्र।

शत्रु के आक्रमणों के विरुद्ध औद्योगिक परियोजनाओं का संरक्षण

1654. **श्री हु० च० सोय :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में हमारी महत्वपूर्ण औद्योगिक परियोजनाओं तथा महत्वपूर्ण संचार लाइनों को शत्रु के हवाई हमलों और तोड़ फोड़ की कार्यवाही से सुरक्षित रखने के लिए क्या विशेष पग उठाये गये हैं; और

(ख) ग्राम पंचायतों तथा उनके ग्राम स्वयंसेवक दलों के संसाधनों को कितना बढ़ाया और पुनर्गठित किया गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) इस बारे में उठाए गये विशेष पगों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :—

नाजुक क्षेत्रों और उन भवनों की रात-दिन निगरानी और गश्त जिनमें खास तौर पर महत्वपूर्ण तथा आक्राम्य यंत्र लगे हुये हैं;

ऐसे स्थानों को निषिद्ध तथा सुरक्षित घोषित करके उनकी एक सूची रखना और समय समय पर उसमें संशोधन करना;

गमनागमन पर नियंत्रण;

विध्वंसात्मक कार्यवाहियों तथा योजनाओं का पता लगाकर उन्हें रोकना;

प्रमुख निर्माणों के चित्र खींचने का विनियमन (और कुछ मामलों में निषेध)

(ख) राज्य सरकारों को सुझाव दिया गया है कि ग्राम स्वयं सेवकों के दलों के संसाधनों को और शक्तियों को बढ़ाया जाय और उनके सदस्यों को स्थानीय प्रतिरक्षा तथा जनता को बड़े पैमाने पर प्रशिक्षित करने के क्षेत्रों में विशेष कार्य सौंपे जाय। यथासम्भव हथियारों के प्रशिक्षण समेत उपयुक्त प्रशिक्षण के लिए भी सुझाव दिये गये हैं। पंचायती राज संस्थाओं तथा ग्राम स्वयं सेवक दल का कार्य भी निर्धारित कर दिया गया है।

पंजाब-पेप्सू की संयुक्त वरिष्ठता सूची

1655. **श्री प्र० के० देव :**
श्री नरसिम्हा रेड्डी :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत भूतपूर्व पंजाब तथा पेप्सू राज्यों के सभी वर्ग के पदाधिकारियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची अन्तिम रूप से तैयार कर ली है;

(ख) क्या इस प्रकार तैयार की गई वर्गीकरण सूचियों को लागू कर दिया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस सम्बन्ध में राज्य पुनर्गठन अधिनियम के उपबन्धों को क्रियान्वित करने के लिए सरकार ने क्या पग उठाये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) 1-11-65 की स्थिति के अनुसार 35,042 कर्मचारियों में से 18,668 की वरिष्ठता सूची अंतिम रूप से तैयार कर ली गई थी और भारत सरकार की अनुमति से प्रकाशित कर दी गई थी।

(ख) और (ग) : अंतिम वरिष्ठता सूची के क्रियान्वित न किये जाने की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं। राज्य पुनर्गठन अधिनियम के अधीन राज्य सरकार के लिय आदेश जारी किया गया है।

पश्चिमी पाकिस्तान से आये लोगों का पुनर्वास

1656. **श्री बूटा सिंह :**

श्री प्र० के० देव :

श्री नरसिम्हा रेड्डी :

क्या **पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 15 अगस्त, 1947 से मार्च 1961 तक पश्चिमी पाकिस्तान से आने वाले विस्थापितों की संख्या क्या है और उन्हें जिले वार कितनी कितनी संख्या में (1) होशियारपुर, (2) जालन्धर, (3) हिसार, (4) संगरूर, (5) लुधियाना, (6) करनाल के जिलों में बसाया गया है ; और

(ख) इन विस्थापितों में हिन्दुओं, सिखों और अन्य जातियों की अलग अलग संख्या क्या है ?

पुनर्वास मंत्री (श्री महावीर त्यागी) : (क) और (ख) : जानकारी उपलब्ध नहीं है। जानकारी एकत्रित करने में जो परिश्रम करना पड़ेगा और जो समय लगेगा, उसको देखते हुए कोई विशेष परिणाम नहीं निकलगा।

त्रिपुरा के नज़रबन्दियों की पैरोल पर रिहाई

1657. **श्री बीरेन दत्त :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या त्रिपुरा के किसी नज़रबन्दी को पैरोल पर रिहा किया गया है ;

(ख) कितने नज़रबन्दियों ने पैरोल के लिये आवेदन पत्र दिया था ; और

(ग) अब तक उनमें से कितनों को पैरोल पर रिहा किया गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रायल में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां।

(ख) तीन।

(ग) एक।

केरल में राष्ट्रपति का शासन

1658. **श्री हरि विष्णु कामत :**

श्री यशपाल सिंह :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री 5 तथा 8 नवम्बर, 1965 को केरल में राष्ट्रपति के शासन की अवधि बढ़ाने के बारे में संकल्प पर वाद-विवाद के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि केरल के राज्यपाल की रिपोर्ट में जो छपाई की गलती है उसके लिए कौन उत्तरदायी है ;

(ख) यदि हां, तो जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) से (ग) : जांच करने पर पता चला कि वास्तव म टाइपिंग की गलती के कारण ऐसा हुआ था। इस लिये यह फैसला किया गया कि किसी को भी इसके लिये जिम्मेदार न ठहराया जाय और न ही किसी के खिलाफ़ कार्यवाही की जाय।

Discovery of Hand-Grenade on Jamuna Bridge

1661. Shri Onkar Lal Berwa : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that on the morning of the 5th November, 1965 a hand-grenade was found on the Jamuna bridge in Delhi ;

(b) if so, its size and make;

(c) whether any investigation has been held by Government in this regard ; and

(d) if so, the outcome thereof ?

Deputy Minister of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) A hand-grenade was found on the Jamuna bridge on 3-11-1965.

(b) It was a small anti-personnel hand-grenade of Indian Ordnance Factory make.

(c) and (d). Enquiries have been made by Delhi Police but no clue has been found as to how and by whom the hand-grenade was dropped. The possibility of sabotage is ruled out as the safety pin of the grenade was intact and there was no detonator inside.

दिल्ली के नागरिक निकायों के बीच झगड़ा

1662. **श्रीमती सावित्री निगम :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली के नागरिक निकायों के बीच सीमा सम्बन्धी झगड़ा आरम्भ हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) और (ख) : सरकार की दृष्टि में ऐसा कोई झगड़ा नहीं आया ।

दिल्ली के लिये योजना के अन्तर्गत नियत अप्रयुक्त राशि

1663. **श्री प्र० चं० बरुआ :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र की विकास योजनाओं के लिये तीसरी पंचवर्षीय योजना में नियत की गई राशि की लगभग 40 प्रतिशत राशि खर्च नहीं हुई ;

(ख) यदि हां, तो इससे मुख्यत: किन किन परियोजनाओं पर प्रभाव पड़ा ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग) : जी, नहीं । 1964-65 के अंततक वास्तविक व्यय 68.86 करोड़ रुपये हुआ था जो कि दिल्ली के लिये तृतीय पंचवर्षीय योजना में निर्धारित कुल राशि का लगभग 70% है ।

असिस्टेन्ट ग्रेड परीक्षा, 1965

1664. **श्री ईश्वर रेड्डी :**
श्री वारियर :
श्री वासुदेवन नायर :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार दिसम्बर, 1965 में असिस्टेंटों की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित करने का है;

(ख) उक्त परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर कितने पद भरने का विचार है ;

(ग) क्या नियमों के अनुसार उतने ही पद विभागीय अपर डिवीजन क्लर्कों की पदोन्नति कर के भरे गये हैं ; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी, हां ।

(ख) जैसा कि परीक्षा की सूचना में पहले ही कह दिया गया है, उक्त परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरे जाने वाले सहायकों के पदों की संख्या अस्थायी रूप से 182 है जिसमें से 75 पद केन्द्रीय सचिवालय सेवा में हैं । किन्तु यह संख्या आवश्यकताओं के अंतिम आकलन के आधार पर बदली जा सकती है ।

(ग) स्थायी पदों का विभागीय अभ्यंश, जब जब पद खाली होते हैं तब तब, ऐसे उपयुक्त अपर-डिवीजन क्लर्कों में से आवश्यकतानुसार स्थायी करके किया जाता है, जो पहले से ही सहायक ग्रेड में काम कर रहे होते हैं ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

पूर्वी पाकिस्तान से आना

1665. श्री दी० चं० शर्मा :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री बड़े :
श्री युद्धवीर सिंह :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नवम्बर, 1965 के प्रथम दो सप्ताहों में 1200 से अधिक अल्पसंख्यक लोग पूर्वी पाकिस्तान की सीमाओं पर अंसारों और मुजाहिदों द्वारा आतंकित किये जाने के कारण पूर्वी पाकिस्तान से आसाम जिले के कछार और गारो पहाड़ी जिलों में आये ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और इस मामले में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

पुनर्वास मंत्री (श्री महावीर त्यागी) : (क) और (ख) : 25 अक्तूबर, 1965 से 20 नवम्बर, 1965 तक पूर्वी पाकिस्तान से अल्पसंख्यक समुदाय के लगभग 1,739 व्यक्ति गैरो पहाड़ी जिला के बागमारा क्षेत्र में आये हैं । इन लोगों के कथनानुसार इन के आने के मुख्य कारण, असुरक्षा की भावना, पूर्वी पाकिस्तान सरकार द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों के बारे में लगाये गये कुछ प्रतिबन्ध तथा अंसारों द्वारा किये गये आतंक हैं ।

मामला अभी छान-बीन के अधीन है ।

आन्ध्र प्रदेश के नज़रबन्दी द्वारा पत्र

1666. श्री बीरेन दत्त : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हजारीबाग सैंट्रल जेल से एक नज़रबन्दी द्वारा महा-महोपाध्याय गोपीनाथ कविराज एम० ए०, डी० लिट०, पद्म विभूषण, 2(ए) सिगरा वाराणसी तथा श्री श्री आनन्दमयी, भदैनी वाराणसी (उत्तर प्रदेश) को लिखे गये पत्रों को रोक लिया गया था ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी, हां।

(ख) बिहार सुरक्षाबन्दी आदेश, 1962 के अधीन सुरक्षा बन्दियों को केवल अपने परिवार के सदस्यों तथा कानूनी सलाहकारों से ही पत्र-व्यवहार करने की इजाजत है।

छात्रवृत्तियां

1668. **श्री ही० ना० मुकर्जी :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964-65 में उनके मंत्रालय द्वारा चलाई गई छात्रवृत्ति योजनाओं के अन्तर्गत व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिये कितने छात्र बाहर भेजे गये;

(ख) इन में से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों को क्रमशः कितनी छात्र-वृत्तियां दी गई; और

(ग) इसी अवधि में इन सभी योजनाओं के अन्तर्गत कुल कितनी राशि की छात्रवृत्तियां दी गई?

शिक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) 52।

(ख) कोई नहीं।

(ग) **इंग्लड**

मेसर्स रोल्स रोयस लिमिटेड, लंदन द्वारा प्रस्थावित शिक्षुता (अंप्रेटिसशिप) :

(i) स्नातक शिक्षुता (अप्रेंटिसशिप)	850 पौंड वार्षिक। इसके अतिरिक्त संतोष-जनक प्रगति पर 50 पौंड वार्षिक की तरक्की और साथ ही दोनों ओर का यात्रा खर्च।
(ii) इंजीनियरी शिक्षुता (अप्रेंटिस-शिप)	18 वर्ष से 24 वर्ष तक के उम्मीदवारों के लिए 8–2–6 पौंड से लेकर 18–0–0 पौंड प्रति सप्ताह के विभिन्न वेतन हैं, जो आयु पर निर्भर करते हैं। इसके अतिरिक्त दोनों ओर का यात्रा खर्च।
(iii) ब्रिटिश उद्योग महासंघ की समुद्रपार छात्रवृत्तियां	700 पौंड प्रति वर्ष।

पश्चिम जर्मनी

जर्मन गणराज्य की छात्रवृत्तियां	400 डी० एम० (450 रुपये) मासिक और इसके अतिरिक्त दोनों ओर का यात्रा खर्च और पुस्तकों तथा औजारों के लिए पर्याप्त भत्ता।

पूर्वी जर्मनी

(i) इंजीनियरी/टेक्नालोजी में छात्रवृत्तियां	450 डी० एम० (511 रुपये) मासिक; इसके अतिरिक्त 350 डी० एम० का वस्त्र-भत्ता।
(ii) शारीरिक स्वस्थता में छात्र वृत्तियां	मुफ्त भोजन और आवास इसके अतिरिक्त दोनों ओर का आवा-खर्च।

Cut in Expenditure on Education in Rajasthan

1669. **Shri Bade :**
Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Hukam Chand Kachhavaiya :
Shri Yudhvir Singh :
Shri Jagdev Singh Siddhanti :
Shri Muthiah :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether Government have decided to effect 15 per cent cut in expenditure on 'Education' in Rajasthan;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) whether it is a fact that a suggestion has been made to impose 'Education Tax' ; and

(d) if so, the basis thereof?

Minister for Education (Shri M. C. Chagla) : (a) and (b). The 1966-67 Plan budget of Rajasthan is still being discussed in the Planning Commission and no final decision has been reached;

(c) and (d). The general questionof levying a special tax for education has been discussed in various conferences, but no final decision has yet been taken.

मध्य प्रदेश में पेट्रोलियम

1670. **श्री लखमु भवानी :** क्या **पेट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1965-66 में मध्य प्रदेश में पेट्रोलियम की उपलब्धता के बारे में सर्वेक्षण करने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

चिकनाई वाले तेलों को पुनः साफ करना

1671. **श्री मधु लिमये :** क्या **पेट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि कानपुर प्रतिरक्षा गवेषणा प्रयोगशाला (सामग्री) में चिकनाई वाले तेलों को पुन: साफ करने के लिए एक प्राथमिक संयंत्र लगाया गया है;

(ख) क्या इन तेलों को पुन: साफ करने के लिए गैर-सरकारी तथा सरकारी क्षेत्रों में कोई और संयंत्र है तथा यदि हां, तो उनकी क्षमता क्या है;

(ग) क्या सरकार के सामने ऐसे कोई प्रस्ताव हैं कि इस महत्वपूर्ण तेल को बनाने के लिए दोनों क्षत्रों में पुन: साफ करने की सुविधायें बनाई जायें जिससे इस पर व्यय होने वाली विदेशी मुद्रा में बचत की जा सके; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून कबीर) : (क) जी हां।

(ख) से (घ) : इस समय सरकारी क्षेत्र अथवा गैर-सरकारी क्षेत्र में व्यापारिक पैमाने पर कोई संयंत्र चालू नहीं हैं। कानपुर के प्राथमिक संयंत्र (Pilot Plant) के अतिरिक्त पेट्रोलियम की इण्डियन इन्स्टीट्यूट ने देहरादून में 10 गेलन प्रति घान (batch) की क्षमता के एक प्राथमिक संयंत्र को लगाया है। रेलवे ने प्रयुक्तधुरे के तेल को पुन: साफ करने के लिए तीन संयंत्रों और डीज़ल इंजन तेल के लिए दो संयन्त्रों को स्थापित किया है ; जिन की कुल क्षमता प्रति दिन लगभग 180 गैलन है और प्रति दिन 700 गैलन की कुल क्षमता वाले प्रयुक्त धुरे के तेल का उपादयकरण के लिए 15 संयन्त्रों तथा प्रति दिन 800 गैलन की कुल क्षमता वाले डीज़ल इंजन तेल के लिए 5 संयंत्रों को लगाने का प्रस्ताव है। सरकार ने हाल ही में बम्बई के पास गैर-सरकारी क्षेत्र में 5000 मीटरी टन की वार्षिक क्षगता वाले एक व्यापारिक एकक की स्थापना के लिए मंजूरी दी है और ाइवेट पार्टियों के कई अन्य प्रार्थना-पत्रों पर विचार कर रही है।

किशोर अपचार विषयक गोष्टी

1672. **श्री दी० चं० शर्मा :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय गुप्तचर विभाग ने नवम्बर, 1965 के अन्तिम सप्ताह में किशोर अपचार तथा पुलिस के कर्त्तव्य के सम्बन्ध में तीन दिन की गोष्ठी आयोजित की थी ; और

(ख) यदि हां, तो उसमें क्या सिफारिशें की गई तथा उनको क्रियान्वित करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) 25-11-65 से 27-11-1965 तक यह गोष्ठी हुई और इसकी सिफ़ारिशें अभी तक प्राप्त नहीं हुई।

पंजाब में गैस

1673. **श्री दी० चं० शर्मा :** क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ऐसा संकेत मिला है कि जानौटी, पंजाब में गैस उपलब्ध है ; और

(ख) यदि हां, तो की गई खोज का ब्यौरा क्या है तथा गैस की और अधिक खोज करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून कबिर) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Fake Registrations of Cars

1674. **Shri Bade :**
Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Hukam Chand Kachhavaiya :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Delhi Police has unearthed a gang which was engaged in the fake registration of cars;

(b) if so, whether any Government employee was also involved in it ; and

(c) the number of fake registrations got done by the gang so far ?

Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The matter is still under investigation.

Pay Scale of Hindi and English Typists

1675. **Shri Vishram Prasad** : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether the pay-scales and conditions of service of Hindi and English Typists employed in the various offices of the Central Government are uniform; and

(b) whether it is necessary for a permanent Hindi Typist to be posted as a temporary Lower Division Clerk before he is promoted to the post of an English Steno-typist ; and

(c) if so, the reasons therefor ?

Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra): (a) Hindi Typists and English typists are Lower Division clerks employed on typewriting. Accordingly their pay scales and conditions of Service are the same as for Lower Division Clerks in the Government of India.

(b) The posts of English Steno-typists are *not* promotion posts. These posts are filled by Lower Division Clerks knowing stenography in English and carry a special pay of Rs. 20 per month. All Lower Division Clerks, irrespective of whether they are employed as Hindi typists or English typists, are eligible to be considered for appointment as English Steno-typists provided they have the requisite knowledge of stenography in English.

(c) Does not arise.

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जेब कतरा जाना

1676. **श्री राजदेव सिंह** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जेब कतरे जाने के मामले बढ़ गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस बुराई को समाप्त करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) 1-1-65 से 31-10-65 तक की अवधि में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जेब कटने के 23 मामले दर्ज हुए जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 22 थी।

(ख) जेब कटने की घटनाओं पर नियंत्रण रखने के लिये किये गए प्रमुख-उपायों में से कुछ इस प्रकार ह :—

(i) कुख्यात व्यक्तियों पर नज़र रखने और जेबकतरों की तलाश के लिये प्लेटफ़ार्मों पर सादावर्दी पुलिस मैन तैनात किये जाते हैं।

(ii) हालही में कुख्यात जेबकतरों के फ़ोटो तैयार किये गए हैं ताकि पुलिस कर्मचारी कड़ी निगरानी रख सकें।

(iii) जो भी जेबकतरे गिरफ्तार किये जाते हैं उनसे गिरोहों की गतिविधियां और जेब काटने के अन्य मामलों की सूचना प्राप्त करने के लिये पूरी तरह पूछताछ की जाती है।

(iv) नामी जेबकतरों की गतिविधियों के पूरे हवाले जिसमें उनकी पिछली सजाएं भी शामिल हैं रखने की कोशिश की जा रही है ताकि भारतीय दंड संहिता की धारा 75 के अधीन निवारक दंड दिलाने पर ज़ोर दिया जा सके।

(v) जेबकतरों को गिरफ्तार करने के लिये समय समय पर अभियान चलाये जाते हैं।

एम० ए० में सेना विज्ञान (मिलिटरी साइन्स) की पढ़ाई

1677. **श्री हिम्मतसिंहका :**

श्री रामेश्वर टांटिया :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का दिल्ली विश्वविद्यालय की एम० ए० उपाधि के समाज विज्ञान पाठ्यक्रमों में सेना विज्ञान (मिलिटरी साईन्स) जारी करने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो इस के कब से जारी किये जाने की सम्भावना है ; और

(ग) कितने अन्य विश्वविद्यालयों ने इस को जारी करना स्वीकार कर लिया है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख) : समाज विज्ञानों के एम० ए० पाठ्यक्रमों में 'युद्ध नीतिक अध्ययन' शीर्षक के अन्तर्गत मिलिटरी विज्ञान का अध्ययन शामिल करने का एक प्रस्ताव दिल्ली विश्वविद्यालय के विचाराधीन है।

(ग) मिलिटरी विज्ञान में अध्ययन की सुविधाएं निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में उपलब्ध हैं :—

आगरा विश्वविद्यालय
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
भागलपुर विश्वविद्यालय
कलकत्ता विश्वविद्यालय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
पंजाब विश्वविद्यालय
शिवाजी विश्वविद्यालय
पूना विश्वविद्यालय
पंजाबी विश्वविद्यालय

अफ्रो-एशियाई विद्यार्थियो को छात्रवृत्तियां

1678. **श्री दी० चं० शर्मा** : क्या **शिक्षा** मन्त्री यह बताने, की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तुर्की, ईरान, जार्डन तथा इण्डोनेशिया जैसे देशों के, जिन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत के प्रति अमैत्री सिद्ध कर दी है, अफ्रो-एशियाई विद्यार्थियों की छात्रवृत्तियां बन्द कर देने के औचित्य पर विचार कर लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

Education Schemes in Uttar Pradesh

1679. **Shri Vishwa Nath Pandey :**

Shri Kindar Lal :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether the Central Government have given any financial assistance to the Government of Uttar Pradesh as an advance payment from allocation made for the Fourth Plan for the expansion of education schemes in the State ; and

(b) if so, the amount given to the State Government by way of assistance ?

Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) and (b). An amount of Rs. 49·24 lakhs has been allocated to Uttar Pradesh for advance action on certain schemes of the Fourth Five Year Plan of the State. This amount, however is not from out of the State's allocation for the Fourth Plan as a whole.

Central Hindi Directorate and Scientific and Technical Terminology Commission

1680. Shri Vishram Prasad : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) the total number of officers and other employees in the Central Hindi Directorate and Scientific and Technical Terminology Commission and the number out of them as have already been declared permanent in their respective posts ; and

(b) the action being taken to confirm the remaining personnel?

Deputy Minister in the Ministry of Education (Shri Bhakt Darshan) : (a) and (b). The total number of officers and other employees at present in position in the Directorate and the Commission is 182 and 208 respectively and all of them are temporary. The question of conversion of temporary post into permanent ones in both the organisations is under examination. The question of confirmation of the personnel holding the temporary posts will be taken up after the posts have been made permanent.

Translation Work in Ministries

1681. Shri Sidheshwar Prasad : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 632 on the 15th September, 1965 and state :

(a) whether adequate arrangements have since been made in the various Ministries for the translation of letters sent to them in Hindi by the State Government ;

(b) the names of the Ministries/Departments of the Central Government which have not permitted noting in Hindi ; and

(c) the steps being taken to remove this obstacle?

Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (a) The Chief Ministers' Conference held in December 1964 had decided that there should be a convention that if the original communication from the State Governments was in Hindi, an authorised English translation should accompany it. Whenever Hindi communications without English translation are received the existing Hindi-knowing and Hindi-trained employees available in Ministries are utilised for translation work and no need for a separate translation unit for this purpose has been felt so far.

(b) In March, 1961 instructions were issued to all Ministries that use of Hindi may be permitted for noting on files in selected Sections in the Secretariat where the bulk of the staff had a working knowledge of Hindi. No reports have been received that any Ministry/Department have not permitted the use of Hindi for noting on files.

(c) Various preparatory measures have been taken for the progressive use of Hindi for official purposes of the Union.

Central Hindi Directorate

1682. Shri Vishram Prasad : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that none of the posts of Research Assistants in the Central Hindi Directorate and in the Scientific and Technical Terminology Commission has so far been declared as permanent ;

(b) if so, the steps being taken to declare such posts and the employee working against them as permanent, in accordance with the orders of the Ministry of Finance in this connection ; and

(c) when the action is likely to be completed ?

Deputy Minister in the Ministry of Education (Shri Bhakt Darshan) : (a) Yes, Sir.

(b) The question of conversion of temporary posts, including those of Research Assistants, into permanent ones in both the Directorate and the Commission, is under examination. The question of declaring temporary employees as permanent will be taken up after the posts have been made permanent.

(c) The matter is likely to take some time.

दिल्ली में उपनगरीय असैनिक फोर्स

1683. श्री राम हरख यादव : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार दिल्ली की सुरक्षा के लिये दिल्ली में उपनगरीय असैनिक फोर्स बनाने का है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या इसकी कोई यूनिट बना ली गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) : प्रश्न ही नहीं उठते।

कुछ पत्रकारों की राष्ट्र विरोधी गतिविधियां

1684. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि कुछ संसद् सदस्यों ने दिल्ली के एक प्रमुख अखबार में काम करने वाले कुछ पत्रकारों की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के बारे में कोई अभ्यावेदन सरकार को दिया है;

(ख) यदि हां, तो यह शिकायतें किस प्रकार की हैं ; और

(ग) इस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) एक संसद सदस्य से "टाइम्स ऑफ इंडिया" के एक समाचार संवाददाता के बारे में एक पत्र प्राप्त हुआ है।

(ख) इस पत्र में इस सम्वाददाता द्वारा दी गई कुछ समाचार कथाओं और पाठकों के मनोबल पर उनके सम्भावित प्रभाव के बारे में शिकायत की गई है।

(ग) मामले की जांच की जा रही है।

आसाम में काम करने वाले पाकिस्तानी राष्ट्रजन

1685. **श्री प्र० चं० बरुआ** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह ठीक है कि आसाम के औद्योगिक तथा परिवहन संगठनों में अभी भी एक हजार से अधिक पाकिस्तानी काम कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा ऐसे आदेश दिये गये है कि इन तत्वों को सीमावर्ती प्रदेशों से निकाल बाहर किया जाय ; और

(ग) क्या उनके वीसा का समय समय पर नवीकरण कर दिया जाता है अथवा वे वीसा में दी गई अवधि से अधिक यहां रह रहे हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) से (ग) : सूचना एकत्रित की जा रही है और उपलब्ध होते ही सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी।

सहायकों तथा उच्च श्रेणी के क्लर्कों के रिक्त स्थान

1686. **श्री ईश्वर रेड्डी :**
श्री वारियर :
श्री वासुदेवन नायर :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे की :

(क) केन्द्रीय सचिवालय योजना के अन्तर्गत आने वाले भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा सम्बद्ध कार्यालयों में 1 नवम्बर, 1965 को सहायकों तथा उच्च श्रेणी के क्लर्कों के कितने स्थान खाली थे।

(ख) इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इन स्थानों को भरने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग) : सूचना एकत्रित की जा रही और सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी।

अविलम्बनीय लोक-महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

28 नवम्बर 1965 को पांचरा में साइथिआ अंडाल छोटी गाडी और एक माल गाडी के बीच टक्कर हुई

Shri Yashpal Singh (Kairana) : Sir, I call the attention of the Ministers of Railways to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon :

> "Collision between Sainthia-Andal Light Train and a goods train at Panchara on the 28th November, 1965 resulting in injuries to 29 persons."

The Minister of State in the Ministry of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : On 28-11-1965 shuttle train No. 2 D. A. S. (Andal-Sainthia) Passanger entered the main line of Panchara Station situated on Andal Sainthia single line section of Eastern Railway and collided with a stationary shunting goods Train which had been received on that line a short while before.

[Dr. Ram Subhag Singh]

As a result of the collision, the engine of the passenger train got derailed. The end panel of the 3rd Class coach, next to the engine, was slightly damaged.

Thirty persons including 11 Railway employees were injured. 3 person including 2 railway employees are reported to have sustained serious injuries.

Relief Train with medical equipment was despatched to the site of accident immediately on receipt of information. Some local doctors also rushed to the site of accident and rendered first aid. The medical van from Asansol was also rushed to the site. The Divisional Railway officers from Asansol proceeded to the site by road.

13 persons out of injured were allowed to go after giving first aid to them on the site of the accident. The remaining 17 persons were sent to hospital at Asansol, Sidi and Andal. 9 persons were discharged after giving them first aid. Eight persons are still in the hospital and their condition is improving. Ex-gratia payments to the seriously injured persons has been arranged.

The Additional Commissioner of Railway safety, Calcutta has commenced his statutory enquiry into the cause of the accident.

Shri Yashpal Singh : What is the reason of increased number of accidents in Bengal and Bihar where there are talented persons.

Dr. Ram Subhag Singh : That is why no body was killed.

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : क्या यह सच है कि इस दुर्घटना के अतिरिक्त इस लाइन पर इस छोटी रेलवे का कार्य इतना खराब है कि इससे अंततक पैदा होता है और यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस लाइन का राष्ट्रीयकरण करने और इसे अपने हाथ में लेने का है ?

डा० राम सुभग सिंह : इसका इससे कोई सम्बन्ध नही है। लेकिन इस पर हम पृथक से विचार करेंगे।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya (Dewas) **:** I want to know whether families of the injured have been informed and whether there would be legal enquiry and whether the report will be paid on the table?

Dr. Ram Subhag Singh : Families of seriously injured persons have been informed and a sum of Rs. 200/- each has also been paid. The number of such persons is there. The whole matter shall be inquired into and the report shall be paid on the table.

श्री लिंग रेड्डी (चिकबलपुर): उसी रेलवे पर 14 नवम्बर को एक और दुर्घटना हुई थी। पूर्वोत्तर रेलवे में इतनी अधिक दुर्घटनाएं होने के क्या कारण हैं।

डा० राम सुभग सिंह : दुर्घटनाओं की संख्या में कमी हुई है।

सभा पटल पर रख गये पत्र

PAPERS LAID OF THE TABLE

मंत्रियों द्वारा दिये गये विभिन्न आश्वासनों, वचनों और प्रतिज्ञाओं पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही दिखा वाले विवरण

संचार तथा संसद् कार्य मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह) : मैं विभिन्न सत्रों के दौरान, जो प्रत्यक के सामने दिखाये गये हैं, मंत्रियों द्वारा दिये गये विभिन्न आश्वासनों, वचनों तथा प्रतिज्ञाओं पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही दिखाने वाले निम्नलिखित विवरण सभा पटल पर रखता हूं :

(एक) अनुपूरक विवरण संख्या 2 बारहवां सत्र,, 1965
(तीसरी लोक-सभा)

[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 5272/65।]

(दो) अनुपूरक विवरण संख्या 6 ग्यारहवा सत्र, 1965
(तीसरी लोक-सभा)

[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 5273/65।]

(तीन) अनुपूरक विवरण संख्या 12 नवां सत्र, 1964
(तीसरी लोक-सभा)

[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 5274/65।]

(चार) अनुपूरक विवरण संख्या 15 पांचवां सत्र, 1963
(तीसरी लोक-सभा)

[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 5275/65।]

(पांच) अनुपूरक विवरण संख्या 21 दूसरा सत्र, 1962
(तीसरी लोक-सभा)

[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 5276/65।]

(छः) अनुपूरक विवरण संख्या 15 चौदहवां सत्र, 1961
(दूसरी लोक-सभा)

[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 5277/65।]

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : स्पष्टीकरण के हेतु। आश्वासनों, वचनों और प्रतिज्ञाओं की क्रियान्विति के बारे में सभी बड और छोट समाचार पत्रों में बड़ी खराब स्थिति बताई गयी है। इस संसद् के चौथे वर्ष में, 1962 के प्रथम सत्र में अर्थात् $3\frac{1}{2}$ वर्ष पूव दिये गय आश्वासनों में से दो अभी तक पूरे नहीं किये गये हैं। लोक सभा सचिवालय के विश्लेषण से भी पता चलता है कि वर्तमान लोकसभा के पहले सत्र, 1962 से पिछले बजट सत्र, 1965 तक की अवधि में दिये गये 2169 आश्वासनों में से 311 अभी पूरे किये जाने बाकी हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप यह सुनिश्चित करें कि इस सत्र के अन्तिम दिन सभा पटल पर एक विवरण रखा जाय जिसमें यह बताया जाय कि मंत्रालयों ने आश्वासनों को क्यों पूरा नहीं किया है।

श्री दाजी (इन्दौर) : मंत्रियों और अधिकारियों के दौरों पर खर्च की गयी विदेशी मुद्रा सम्बन्धी प्रश्न बहुत समय से लटका हुआ है। इस प्रश्न का अभी तक उत्तर क्यों नही दिया गया है। इसमें क्या कठिनाई है।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : 1964 में विदेशों में मंत्रियों उपमंत्रियों और अधिकारियों के दौरों पर खर्च की गयी विदेशी मुद्रा का प्रश्न उठाया गया था। तब श्री भगत ने कहा था कि जानकारी एकत्र की जा रही है। 10 दिन पूर्व यह प्रश्न 1965 के बारे में उठाया गया था। दोनों प्रश्नों का उत्तर था कि जानकारी एकत्र की जा रही है। क्या मैं यह समझू कि या तो उन्होंने इतनी धनराशि खर्च की है कि वे उसको लेखे में नहीं दिखाते या वे कोई धन व्यय नहीं करते? आपने भी कहा था कि आप मंत्री महोदय से एक वक्तव्य देने को कहेंगे।

दूसरे विधि मंत्री श्री अ० कु० सेन ने इस सभा में एक वक्तव्य दिया था कि श्री ति० त० कृष्णमाचारी ने मेसर्स टी० टी० कृष्णमाचारी एन्ड कम्पनी से 1942 में सभी सम्बन्ध तोड लिये थे। इसका मैंने विरोध किया था। मैंने आपको भी एक पत्र लिखा था कि आप मंत्री महोदय से वक्तव्य में शुद्धि करवायें लकिन उन्होंने वक्तव्य शुद्ध तक नहीं किया।

[श्री स० मो० बनर्जी]

तीसरे गृह-मंत्री श्री नन्दा और राज्य मंत्री श्री हाथी ने इस सभा में यह आश्वासन दिया था कि बंगाल अथवा केरल में भारत प्रतिरक्षा नियमों के अन्तर्गत गिरफ्तारी के लिये केन्द्रीय सरकार जिम्मेवार नही है। लेकिन आज के समाचार पत्र में यह समाचार है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक डिवीजन बेंच ने एक निर्णय देकर यह आदेश दिया है कि उत्तर प्रदेश में वामपंथी कम्युनिस्टों को रिहा कर दिया जाय। इस समाचार को देखते हुए गृहमंत्री ने जो आश्वासन दिया था वह सही नहीं है क्योंकि इसमें केन्द्रीय सरकार का पूरा हाथ था और इन सभी व्यक्तियों को केन्द्रीय सरकार के आदेश पर गिरफ्तार किया गया था और इसमें राज्य सरकारों का कोई दोष नहीं था।

अध्यक्ष महोदय : मुझे इस बात से कोई मतलब नही है। जाच करना मेरा काम नही है। मंत्री के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव रखा जा सकता है, उसको हटाया जा सकता है लकिन मैं उसकी आस्तियों के बारे में जांच नही कर सकता।

श्री स० मो० बनर्जी : श्री अ० कु० सेन ने सभा को गुमराह किया।

अध्यक्ष महोदय : श्री अ० कु० सेन विदेश गये हुए हैं। उनके आने पर देखा जायगा।

श्री हरि विष्णु कामत : वह काश्मीर के बारे में हमारा पक्ष दक्षिण अमरीका को बताने गए है।

श्री सत्य नारायण सिंह : मैं इस बारे में माननीय सदस्यों की उत्सुकता को समझता हुं कि कुछ आश्वासन पूरें नही किये गये हैं। वर्तमान लोकसभा की अवधि में पिछले अगस्त-सितम्बर सत्र के अन्त तक 2363 आश्वासन दिये गये थे। इनमें से 2077 पूरे कर दिये गये हैं। बाकी आश्वासनों में से कुछ पहले के वर्षों के हैं। हम इन आश्वासनों के बारें में सम्बन्धित मंत्रालयों पर जोर डाल रहे हैं। मैंने अपने कुछ साथियों को लिख दिया है कि यदि वे आश्वासन पूरे नही करते तो मैं दोषी न्यायालयो के नाम बता दूंगा।

अध्यक्ष महोदय : कुछ आश्वासन बहुत समय से चले आ रहे हैं। अत: या तो इनको पूरा किया जाये या इस बारे में कोई स्पष्टीकरण दिया जाए कि उन्हें क्यों अभी तक पूरा नही किया जा सका हैं।

श्री सत्य नारायण सिंह : केन्द्रीय सरकारी विभागों के अतिरिक्त कुछ आश्वासन राज्यों और सरकारी उपक्रमों के बारे में भी हैं। उनको कई बार पत्र लिखे जा चुके हैं। यदि वे उत्तर नहीं देते हैं तो मैं समझता हुं कि यह संसद भी कोई कार्यवाही नही कर सकती।

श्री दाजी : यह विशेषाधिकार का उल्लंघन है। मंत्री महोदय के वक्तव्य से स्पष्ट है कि वित्त मंत्रालय में उत्तर न देने का निर्णय कर लिया है। मैं प्रस्ताव करता हुं कि वित्त मंत्रालय ने हमारे प्रश्नों का उत्तर न देकर विशेषाधिकार का उल्लंघन किया है ....

अध्यक्ष महोदय : मैं मौखिक सूचना स्वीकार नही कर सकता। यदि वे लिखित सूचना दें तो मैं उसपर विचार करूंगा

Shri Kashi Ram Gupta (Alwar) : Mr. Speaker, Sir, the hon. Minister has just stated that this House is helpless in taking action in the cases of states. If it is so, then what is the question of sending such assurances to states. I want your ruling in this case.

अध्यक्ष महोदय : मैंने उनको इजाजत नही दी है।

It can do.

(1) खाद्य स्थिति तथा (2) अनावृष्टि से उत्पन्न स्थिति के बारे में प्रस्ताव

MOTIONS RE : (1) FOOD SITUATION AND (2) SITUATION ARISING OUT OF DROUGHT CONDITIONS

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम) : मैं प्रस्ताव करता हूं :—

"कि देश की खाद्य स्थिति के बारे में विचार किया जाये।"

Shri Kishn Pattnayak (Sambalpur) : I beg to move:—

"That the situation arising out of drought and resultant failure of crops in several states be taken into consideration."

अध्यक्ष महोदय : ये दो प्रस्ताव सभा के समक्ष हैं।

श्री प्र० के० देव (कालाहंडी) : विभिन्न संशोधन भी पेश कर दिये जाएं।

अध्यक्ष महोदय : जी हां।

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाए :—

"देश में खाद्य स्थिति पर विचार करने के पश्चात्, इस सभा की राय है कि देश को खाद्यानों में आत्मनिर्भर बनाने में, किसानों को सस्ते दर पर ऋण, खाद, कीटनाशी दवाइयां, अच्छे बीज, पानी और कृषि उपकरण देने में तथा अनाज का वितरण करने के लिये उचित व्यवस्था करने में सरकार असफल रही है।" (1)

श्री लिंग रेड्डी (चिकबलपुर) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाए :—

"देश में खाद्य स्थिति पर विचार करने के पश्चात्, यह सभा सरकार की नीति का अनुमोदन करती है और सरकार से अनुरोध करती है कि इन उपायों को कार्यान्वित करे—

(क) छोटे और बड़े सिंचाई योजनाओं से सभी उपलब्ध जल का लाभ उठाने के लिये आपाती खाद्य कार्यक्रम ;

(ख) राशन-व्यवस्था आरम्भ की जाए, सभी अकालग्रस्त क्षेत्रों में सहायता कार्य आरम्भ किये जायें और भुखमरी से मृत्युओं को रोकने के लिये दलिया आदि बांटने के केन्द्र खोलने के हेतु केन्द्रीय और राज्य सरकारें मिल जुल कर कार्य करें ;

(ग) पशुओं के लिये चारे और मनुष्यों तथा पशुओं के लिये पीने के पानी की व्यवस्था की जाए ;

(घ) रैयत को पर्याप्त मात्रा में ऋण, खाद, बीज, कीटनाशी दवाइयां, कृषि उपकरण दिये जायें जिससे अधिक अन्न उपजाने के लिये उनको प्रोत्साहन मिले ;

(ङ) देश के अकालग्रस्त क्षेत्रों में दोबारा दुर्भिक्ष पड़ने से रोकने के लिये स्थायी दुर्भिक्ष सहायता के उपाय और साधन ढूंढे जायें ; और

(च) देश के आत्मसम्मान के अनुरूप और बिना किन्हीं राजनैतिक शर्तों के, खाद्य संकट को दूर करने के लिये अन्य देशों से काफी मात्रा में अनाज आयात किया जाए।" (2)

श्री मलाइछामी (पेरियाकुलम) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाए :—

"देश में खाद्य स्थिति पर विचार करने के पश्चात्, इस सभा की राय है कि भूमि सुधार कार्यक्रम को प्रभावकारी रूप से कार्यान्वित करके, काश्तकारी विधियों को उपयुक्त रूप से लागू करके और उत्पादन को प्रोत्साहक और लाभकारी मूल्य दकर उत्पादन में वृद्धि करके देश में अनाज की कमी को पूर्णतया दूर करने के लिये कदम उठाये जायें।" (5)

श्री बालकृष्णन् (कोइलपट्टी) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाए :—

"देश में खाद्य स्थिति पर विचार करने के पश्चात्, इस सभा की राय है कि गहन खेती द्वारा भूमि सुधारों को कार्यान्वित करके, भूमि की चकबन्दी और वैज्ञानिक तथा प्राद्योगिकीय अनुसंधान द्वारा अनाज के उत्पादन में वृद्धि करने के लिये कदम उठाये जायें।" (6)

श्री कर्णी सिंहजी (बीकानेर) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाये :—

"देश में खाद्य स्थिति पर विचार करने के पश्चात्, इस सभा की राय है कि खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के सभी पिछले प्रयास क्योंकि निष्फल सिद्ध हुए हैं और खाद्य आयात पर पूर्णतः निर्भरता अब देश के हितों के लिए हानिकारक मानी गई है, अतः इन मामलों में आमूल रूप से नई नीति तुरन्त अपनाई जानी चाहिये :—

(क) खाद्यान्नों के उत्पादन और वितरण की सभी अवस्थाओं सम्बन्धी नीतियां;

(ख) सिंचाई सुविधाओं की व्यवस्था और उनका उपयोग ;

(ग) राज्य सरकारों को भूमि सम्बन्धी ऐसे विधान बनाने के लिये निदेश देना जो अधिक कृषि उत्पादन में सहायक हों ;

(घ) खाद्यान्नों के वितरण तथा व्यापार को सुव्यवस्थित करना ; और

(ङ) खाद्यान्नों के मूल्यों में और वृद्धि को प्रभावकारी रूप से रोकना।" (7)

श्री पु० र० पटेल (पाटन) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाये :—

"देश में खाद्य स्थिति पर विचार करने के पश्चात्, इस सभा की राय है कि खाद्य स्थिति को सुधारने के लिये और देश को खाद्य में आत्मनिर्भर बनाने के हेतु ये कदम उठाये जायें—

(क) खाद्यान्नों के लाभकारी और अच्छे मूल्य निश्चित किये जायें और बुवाई से पहले किसानों को उनकी गारंटी दी जाये ;

(ख) ट्यूब वेलों को बिजली देने के लिये एक योजना तैयार की जाये और इसकी दर नौ पैसे प्रति यूनिट से अधिक नहीं होनी चाहिये ;

(ग) सिंचाई के लिये इंजन से चलने वाले पम्पों को चलाने के लिये किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के हेतु उनको रियायती दर पर डीज़ल तेल दिया जाये ;

(घ) उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के हेतु किसानों को समय पर बीज, खाद और ऋण आदि दिये जायें ; और

(ङ) खाद्य उत्पादन की कठिनाइयों की जांच करने और उस पर रिपोर्ट देने के लिये एक आयोग की नियुक्ति की जाए।" (8)

श्री इंद्रजीत गुप्त (कलकत्ता-दक्षिण पूर्व) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाए :—

"देश में खाद्य स्थिति पर विचार करने के पश्चात्, यह सभा सरकार की खाद्यान्नों के आयात पर निर्भरता पर और खाद्यान्नों में प्रभावी राज्य व्यापार लागू करने, आमूल भूमि सुधारों को कार्यान्वित करने और अनाज के जमाखोरों और सटोरियों की जन-विरोधी कार्यवाहियों को रोकने में सरकार की असफलता पर खेद प्रकट करती है और सरकार से अनुरोध करती है कि इन उपायों को आपाती ढंग से तुरन्त कार्यान्वित करे :—

(क) किसानों को लाभकारी मूल्य देकर राज्य एजेन्सियों द्वारा अनाज का एकाधिकार समाहार किया जाए ;

(ख) एक लाख और उससे अधिक जनसंख्या वाले शहरों में कानूनी राशन-व्यवस्था लागू की जाये, और सभी ग्रामीणक्षेत्रों में उचित मूल्य की दूकानें खोली जायें ;

(ग) गैर-सरकारी लोगों को अनाज पर बैंक द्वारा ऋण देने पर रोक लगाई जाये और ग्रामीण ऋणग्रस्तता को समाप्त करना और जुटाई के लिय कम दर पर ऋण देने की व्यवस्था की जाए ;

(घ) फसल और पशु बीमा योजनाओं को लागू किया जाए ;

(ङ) किसानों को परती और खाली भूमि का वितरण किया जाए ; और काश्तकारी विधियों को उपयुक्त रूप से लागू किया जाए ;

(च) बीज, खाद और जल की व्यवस्था करने के लिये क्रैश प्रोग्राम लागू किये जायें, और सूरतगढ़ के नमूने पर सरकारी क्षेत्र में यन्त्रीकृत फार्मों का बहुत अधिक संख्या में, प्रत्येक राज्य के लिये कम से कम एक फार्म का विकास किया जाए ; और

(छ) सूखे वाले क्षेत्रों के लिये विशेष सहायता कार्य और रियायते दी जायें ।" (9)

श्री नी० श्रीकान्तन नायर (क्विलोन) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाय :—

"देश में खाद्य स्थिति पर विचार करने के पश्चात्, इस सभा की यह राय है कि सरकार खाद्य उत्पादन में आत्म-निर्भरता प्राप्त करने के लिये समुचित उपाय करने, कमी वाले राज्यों के साथ उचित और समान व्यवहार करने, जमाखोरों और चोर-बाजारियों की गतिविधियों को रोकने, मूल्यों को बढ़ने से रोकने, छोटे-छोटे किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने और उपभोक्ताओं को संरक्षण दने में असफल रही है ।" (10)

श्री प्र० के० देव : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाये :—

"दश में खाद्य स्थिति पर विचार करने के पश्चात्, इस सभा की यह राय है कि आधारित आयातित खाद्यान्नों पर अति-निर्भरता को समाप्त करने के लिये निम्नलिखित उपाय किये जाएं :—

(क) जल, ऋण, सड़कों और किसानों को प्रोत्साहन देने और सुविधाएं, जैसे उचित मूल्य पर उर्वरक, अच्छे बीज, विद्युत् शक्ति, उपकरण, डीज़ल तेल और मिट्टी का तेल देने सम्बन्धी सभी योजनाओं और नियतन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ;

[श्री प्र० के० देव]

(ख) अनिवार्य समाहार को समाप्त किया जाय और कोई अधिकतम मूल्य निर्धारित किये बिना कृषक के, अपना अनाज खुले बाजार में बेचने के अधिकार को माना जाय ;

(ग) खाद्यान्न, गुड़, मूंगफली और सभी खाने वाले तेलों के विक्रय और लाने ले जाने पर लगे सभी क्षेत्रीय और स्थानीय प्रतिबन्धों को समाप्त किया जाय और भारत भर में एक साझा बाजार पुनः स्थापित किया जाय ;

(घ) एक मूल्य समर्थक नीति बनायी जाय, जिसके अन्तर्गत सरकार कृषि मूल्य आयोग द्वारा, जो एक विभागीय संगठन के रूप में कार्य न करके एक स्वतंत्र संविहित आयोग के रूप में कार्य करे, प्रतिपादित किये जाने वाले सुस्पष्ट सिद्धान्तों के अनुसार निर्धारित लाभप्रद मूल्यों पर उत्पादकों से असीमित मात्रा में खाद्यान्न खरीदेगी ; और

(ङ) जब तक उत्पादन मांग के अनुरूप न हो जाय, सरकार द्वारा, अस्थायी उपाय के तौर पर, निर्धन जनता को राजसहायता प्राप्त मूल्यों पर खाद्यान्न का संभरण किया जाय और इस प्रयोजन के लिये सरकार द्वारा बड़े किसानों से लाभप्रद मूल्यों पर खाद्यान्न खरीदा जाय ; और

(च) संविधान (सत्रहवां संशोधन) अधिनियम का निरसन किया जाय ।"(11)

श्री बडे (खारगोन) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाये, अर्थात् :—

"देश में खाद्य स्थिति पर विचार करने के पश्चात्, यह सभा सरकार द्वारा अब तक अपनायी गई नीति का निरनुमोदन करती है और यह सुझाव देती है कि :—

(क) चौथी योजना में धन के नियतन में कृषि को देश के ब्रृहत् उद्योग के रूप में प्राथमिकता दी जाए ;

(ख) किसानों तथा खेतीहर मजदूरों की खण्डस्तरों से आरम्भ हो कर ऊपर तक एक समन्वय परिषद् की स्थापना की जाए, जिससे खाद्योत्पादन के सम्बन्ध में दोनों के अधिकतम प्रयत्न सुनिश्चित किये जा सकें ;

(ग) कृषि योग्य परती भूमि को भूमिहीन मजदूरों में वितरित कर दिया जाए और इस प्रयोजन के लिए उन्हें समुचित धनराशि तथा उपकरण उपलब्ध किये जाएं ;

(घ) कृषकों को उत्पादन की लागत के आधार पर मूल्यों का आश्वासन दिया जाए;

(ङ) एक लाख से अधिक आबादी वाले सभी नगरों में तथा दुर्भिक्षग्रस्त ग्रामीण क्षेत्रों में राशन व्यवस्था आरम्भ की जाए ; और

(च) किसानों को कुएं खोदने तथा अन्य छोटे छोटे सिंचाई सम्बन्धी निर्माण-कार्यों के लिए अधिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाए ।" (13)

श्री कृष्णपाल सिंह (जलेसर) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि मूल प्रस्ताव के स्थान पर यह रखा जाये :—

"अनेक राज्यों में अनावृष्टि और इसके फलस्वरूप फसल खराब होने के कारण उत्पन्न स्थिति पर विचार करने के पश्चात् यह सभा सरकार से यह अनुरोध करती है के प्रभावित क्षेत्रों में ये तात्कालिक उपाय किए जायें :—

(क) भूमि का लगान माफ किया जाये और सब सरकारी तथा सहकारी वसूलियों को स्थगित किया जाये।

(ख) उदारता से कृषकों को तकावी तथा भूमि सुधार ऋणों की व्यवस्था की जाये।

(ग) राज-सहायता प्राप्त खाद्यान्नों की दूकाने बड़ी संख्या में खोली जायें।

(घ) पर्याप्त मात्रा में कूवों तथा नलकूपों की व्यवस्था की जाये।

(ङ) 'समुचित स्थानों पर यथासंभव शीघ्र बड़ी, मंध्यम तथा छोटी सिंचाई योजनायें क्रियान्वित' की जायें।

(च) जनता को रोजगार देने के लिए परीक्षण सहायता कार्य खोले जायें।

(छ), पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की जाये।"

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम) : हम प्राय: सभा के प्रत्येक सत्र में खाद्य स्थिति के बारे में चर्चा करते हैं। किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि आज,जब कि हम इस मामले पर चर्चा कर रहे हैं, देश को अत्यन्त संकटपूर्ण खाद्य स्थिति का सामना करना पड रहा है। साधारणतया जनसंख्या में वृद्धि के अनुसार कृषि उत्पादन नहीं बढ़ा। तीसरी पंचवर्षीय योजना के पहले तीन वर्षों में उत्पादन में गतिरोध सा आ गया था। इस अवधि में उत्पादन लगभग आठ करोड़ टन वार्षिक रहा। पिछले वर्ष उत्पादन बढ़ कर 8 करोड़ 84 लाख टन हुआ था। प्रगति तथा कार्यक्रम को देखते हुए 1965-66 में 9 करोड़ 20 लाख टन उत्पादन होने का अनुमान था। हमें इस मामले में राज्य सरकारों का पूर्ण सहयोग मिला। किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि 1965-66 में लक्ष्य के अनुसार उत्पादन नहीं है। जिसके कारण हमारे सामने खाद्यान्न के सम्बन्ध में बहुत कठिन स्थिति पैदा हो गयी है। वर्तमान कठिन स्थिति अनावृष्टि के कारण उत्पन्न हुई है। इस प्रकार की अनावृष्टि पहले कभी नहीं हुई और ऐसी स्थिति वर्तमान शताब्दी के दौरान कभी देश के सामने नहीं आई। यह दुर्भाग्य की बात है कि इस वर्ष लगभग समूचे देश में वर्षा न होने के कारण सूखा पड़ गया है।

इस वर्ष दक्षिण-पश्चिमी मानसून बहुत ही असामान्य रहा। पहले भी कई बार दक्षिण-पश्चिमी मानसून खराब रहा। किन्तु सदा ऐसा होता रहा कि यदि देश के कुछ भागों में यह मानसून खराब रहने के कारण वर्षा नहीं होती तो कम से कम अन्य भागों में मानसून अनुकूल रहता जिसका परिणाम यह होता था कि मानसून खराब रहने से कम उपज वाले भागों में उन स्थानों से खाद्यान्न भेजे जाते थे जिन भागों में अच्छी फसल हुई हो। इस तरह देश के प्रत्येक भाग की आवश्यकता पूरी हो जाती थी। किन्तु इस वर्ष एक विशेष बात यह हुई कि मानसून खराब रहने के कारण प्राय: देश के सभी भागों में वर्षा नहीं हुई और कहीं भी आशाजनक पैदावार नहीं हुई। केवल पश्चिम बंगाल, बिहार, और उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में वर्षा ठीक हुई और वहां खरीफ की फसल भी संतोषजनक रही।

जहां तक दक्षिण के राज्यों का सम्बन्ध है उनमें स्थिति यह है कि मद्रास, आन्ध्र प्रदेश, मैसूर के कुछ भागों में वर्षा सामान्य हुई। किन्तु इनमें से अधिकांश भागों में वर्षा उत्तर-पूर्वी मानसून के कारण हुई न कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून के कारण। अधिकतर अन्य राज्यों में वर्षा कम हुई जिसका परिणाम यह हुआ कि खरीफ की फसल संतोषजनक नहीं हुई। कुछ भागों में अक्तूबर के आरंभ तक वर्षा सामान्य रूप से हुई किन्तु बाद में वर्षा न होने के कारण उनमें सूखा पड़ गया है। जलाशयों में वर्षा न होने के कारण पानी एकत्र नहीं किया जा सका और सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध नहीं हो सका। कृष्णा, कावेरी और गोदावरी नदियों का स्तर भी अनावृष्टि के कारण नीचे ही रहा और उनके पानी का उपयोग सिंचाई के लिये नहीं किया जा सका। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश तथा मसूर राज्यों में सितम्बर के अन्त तक बाजरे की फसल बहुत अच्छी होने की आशा थी किन्तु बाद में वर्षा न होने के कारण खराब हो गई। केरल में भी वर्षा न होने के कारण फसल अच्छी नहीं हुई।

[श्री चि० सुब्रह्मण्यम]

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश तथा पंजाब में वर्षा सामान्य से बहुत ही कम हुई। इन राज्यों में, सिचाई वाले क्षत्रों को छोड़ कर अन्य सभी क्षत्रों में वर्षा न होने के कारण फसल बहुत खराब हो गई है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश गुजरात तथा राजस्थान के कुछ भागों में इस समय स्थिति बहुत खराब है और प्राय: अकाल की स्थिति होने की आशंका है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में सितम्बर के अन्त तक अच्छी फसल होने की आशा थी किन्तु वर्षा न होने के कारण पहली अक्तूबर के पश्चात इन राज्यों में रबी की फसल होने की संभावना बहुत कम रह गई है। अब तक हुई वर्षा रबी की फसल के लिये निराशाजनक है। केवल देश के बिल्कुल उत्तरी भागों में, जिनमें पंजाब और हिमाचल प्रदेश के कुछ भाग तथा उत्तर प्रदेश के कुछ उत्तरी भाग शामिल हैं, वर्षा हुई है। देश के शेष भागों में बहुत कम वर्षा हुई है। यदि अब बाद में वर्षा नहीं हुई तो रबी की फसल होने की संभावना बहुत कम है। हमारे पहले अनुमानों के अनुसार देश में 45 लाख टन अनाज की कमी होने की आशा थी किन्तु इस समय लगभग 70-80 लाख टन अनाज की कमी होने का अनुमान है। सही स्थिति का पता वास्तविक आंकड़े एकत्रित करने के बाद ही लग सकता है। हम स्थिति का सामना करने के लिये हर संभव उपाय कर रहे हैं।

चूँकि खरीफ की फसल बहुत कम हुई है और रबी की फसल भी अच्छी होने की संभावना नहीं है अत: हमने अतिरिक्त उत्पादन करने के लिये कुछ अल्पकालीन उपायों को अपना कर खाद्य स्थिति सुधार करने का निर्णय किया है और हम इस सम्बन्ध में कारगर ढंग से कार्यवाही कर रहे हैं। हम उन क्षेत्रो जहा कम समय मे कुछ फसल पैदा करन के लिये जल तथा नमी ऊपलब्ध है अतिरिक्त फसल उगाने का प्रयत्न कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त हम आलू, शकरकन्दी तथा टेपियोका जैसी भूमि के नीचे पैदा होने वाली फसलें पैदा करने का प्रयत्न कर रहे हैं। नगरीय तथा अर्धनगरीय क्षेत्रों में भी सब्जिया पैदा करने के लिये भी हमने एक आन्दोलन चलाया है। इस प्रकार हमने लगभग 25-30 लाख एकड़ अतिरिक्त भूमि में खेती करने का अनुमान लगाया है। हम नलकूपों तथा खाद आदि की भी पर्याप्ति व्यवस्था कर रहे हैं। यदि काम ठीक ढंग से किया गया तो हमारी समस्या काफी सीमा तक हल हो जायगी।

आयात कार्यक्रम की अनिश्चितता के कारण यह स्थिति और भी अधिक कठिन हो गई है। पिछलें 4-5 वर्षों से पी०एल० 480 के अन्तर्गत हमें अमरीका से प्रतिवर्ष 30 लाख टन से लेकर 60 लाख टन तक गेहूं मिल रहा है। दुर्भाग्य से इस कार्यक्रम के बारे में अभी अनिश्चितता है। आशा है कि इस गंभीर स्थिति को, जो वर्षा न होने के कारण देश में पदा हो गई है, ध्यान में रखते हुए पी०एल० 480 के अन्तर्गत गेहूं मंगाने के लिये कुछ उपयुक्त प्रबन्ध किया जायेगा। अभी हम, विशेष रूप से जब कि देश में खाद्य स्थिति गंभीर है, अनाज का आयात बन्द नहीं कर सकते हैं। माननीय सदस्य जानते हैं कि हमारी विदेशी मुद्रा की स्थिति ठीक नहीं है। हमारे लिये विदेशी मद्रा की कठिन स्थिति को देखते हुए अन्य देशों से वाणिज्यिक आधार पर अनाज खरीदना संभव नहीं है। अत: इस स्थिति का सामना हम केवल पी० एल० 480 के अन्तर्गत बड़ी मात्रा में अनाज मंगा कर ही कर सकते हैं। आशा है कि 1966 के लिये हमारे लिये बड़ी मात्रा में यह सहायता प्राप्त करना संभव होगा।

हम सभी उपलब्ध साधनों से अतिरिक्त उत्पादन बढ़ाने तथा बाहर से अनाज मंगाने का भरसक प्रयत्न कर रहे हैं। अभाव की स्थिति में हमारे लिये यह आवश्यक है कि हम वितरण व्यवस्था पर निर्भर करे। नियमित ढंग से वितरण तभी किया जा सकता है जब सरकार खाद्यान्न पर यथा संभव नियंत्रण रखे। हम राज्य सरकारों से आग्रह कर रहे हैं कि अनाज खरीदने के लिये जोरदार अभियान चलाया जाये और वर्तमान स्थिति को देखते हुए अनाज खरीदने के लाभ को और अधिक तेज करने की आवश्यकता है और जहां अनाज पैदा होता है वहां वसूली की जाये। राज्य सरकारों से यह भी अनुरोध किया गया है कि उत्पादकों से उत्पादन के आधार पर तथा किसानों से काश्त किये गये क्षेत्र के आधार पर अनिवार्य रूप से वसली की जाय। सभी राज्य सरकारों ने यह सूत्र स्वीकार कर लिया है और वे उत्पादकों से वसूली करने के लिये राजी हो गई हैं। इस से सरकार के पास वितरण के लिये अधिक से अधिक अनाज उपलब्ध हो सकेगा।

इसके अतिरिक्त हम पश्चिम बंगाल आदि कुछ राज्यों में एकाधिकार के साथ वसूली करने का प्रयत्न कर रहे हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह अत्यन्त आवश्यक है कि व्यापारियों को अनाज जमा न करने दिया जाये और सरकार उसे यथासंभव जमा करने का प्रयत्न करे। इस कार्य के लिये खाद्य निगम स्थापित किया गया है और राज्य सरकारें उसकी सेवाओं का लाभ उठा रही हैं। राशन व्यवस्था द्वारा वितरण के अतिरिक्त, वर्तमान संकट को देखते हुए यह भी आवश्यक है कि हम अनाज को नष्ट न होने दें। इसके लिए हम में अनुशासन का होना आवश्यक है। यह ठीक है कि किसी समारोह में अतिथियों की संख्या तथा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की संख्या सीमित करने के लिये हमने अतिथी नियंत्रण आदेश जारी किया है। परन्तु केवल कानून बनाने मात्र से काम नहीं चलता है। इस कार्य में जनता का सहयोग अनिवार्य है। जनता तभी सहयोगी होगी जब उसमें सामाजिक चेतना होगी। अतः इस के लिये जनता में सामाजिक चेतना का होना अत्यन्त आवश्यक है।

चाहे हम कुछ भी उपाय करें किन्तु अन्ततः नियंत्रित वितरण उसी सीमा तक संभव है जिस सीमा तक हम अनाज की वसूली करके सरकार के पास स्टाक जमा कर सकेंगे। इस सम्बन्ध में मद्रास राज्य ने 1964-65 में अनाज की वसूली के बारे में सराहनीय कार्य करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। राज्य ने पहले ही मद्रास तथा कोयम्बटूर नगरों में कानूनी राशन व्यवस्था लागू कर दी है। राज्य के अन्य शहरों में अनौपचारिक रूप से राशन व्यवस्था लागू है। अतः मद्रास में अनाज की स्थिति असंतोषजन होने के बावजूद भी हमें विश्वास है कि हम स्थिति पर काबू पा लेंगे।

पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता शहर तथा उसके आस पास के नगरीय क्षेत्रों में एक वर्ष पहले कानूनी राशन व्यवस्था लागू कर दी है। इसके अच्छे परिणाम निकले हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने यह निर्णय किया है कि समूचे राज्य में एकाधिकारी वसूली की जाये और नियंत्रित वितरण किया जाये। राज्य सरकार ने उक्त प्रणाली के अनुसार कार्य करना आरंभ कर दिया है। सरकार राज्य-सरकार के इस प्रयोग को सफल बनाने के लिये पूर्ण सहयोग देगी क्योंकि उसके प्रयोग की सफलता पर दूसरे राज्यों में एकाधिकार प्रणाली द्वारा वसूली नियंत्रित वितरण व्यवस्था लागू करना निर्भर करता है।

महाराष्ट्र सरकार ने भी एक वर्ष पूर्व एकाधिकार प्रणाली के आधार पर वसूली करने का निर्णय किया था किन्तु इसमें उसे सफलता नहीं मिली। वर्षा न होने के कारण महाराष्ट्र में स्थिति खराब है राज्य सरकार स्थिति का सामना करने के लिये सराहनीय कार्य कर रही है। महाराष्ट्र तथा अन्य कई राज्य सरकारें नगरीय क्षेत्रों में कानूनी राशन व्यवस्था लागू करने के लिये कार्यवाही कर रही हैं। आशा है वे यह कार्य शीघ्र आरंभ कर देंगी। अनाज के मामले में ग्रामीण क्षेत्रों का भी ध्यान रखा जाना चाहियें और वहां राशन की सीमातक उचित मूल्य वाली दूकानें खोली जानी चाहिए।

सूखा पड़ने से न केवल अनाज का संकट पैदा हुआ है अपितु कई स्थानों पर पीने के पानी की समस्या भी पैदा हो सकती है। मुझे अच्छी तरह याद है कि 1952-53 में मद्रास में सूखा पड़ने से पीने के पानी की बहुत कमी हो गई थी। सभी उपलब्ध साधनों से पानी की व्यवस्था करने के बावजूद भी स्थिति पर काबू पाना असंभव हो गया था। अतः इस वर्ष संभावित स्थिति का सामना करने के लिये हमें अभी से उपाय करने होंगे। हमने इस सम्बन्ध में राज्य सरकारों को सतर्क कर दिया है और आशा है कि संभावित स्थिति का सामना करने के लिये अपेक्षित कार्यवाही की जायगी।

हमें, विशषरूप से सूखे वाले क्षेत्रों में, बाल कल्याण योजनायें आरंभ करनी होंगी। देश का भविष्य भावी पीढ़ी के नागरिकों पर निर्भर करता है। अतः हम भावी पीढ़ी को कमजोर तथा अस्वस्थ नहीं बनने देंगे। इस लिये हमारे लिये यह आवश्यक हो जाता है कि हम इस सम्बन्ध में व्यापक और बड़े पैमाने के कार्यक्रम बनायें। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिये पौष्टिक भोजन, मल्टी विटामिन, बिस्कुट तथा अन्य स्वास्थ्यप्रद पदार्थ आवश्यक हैं। हमारे कार्यक्रम में ये सभी वस्तुएं बच्चों को दी जानी चाहिएं। हम बच्चों के कल्याण के लिये जो कार्यक्रम आरंभ करेंगे वे स्थायी होंगे। यह योजना स्वास्थ्य मंत्रालय के सहयोग से बनाई जाये, इस कार्यक्रम के लिये कई अन्तर्राष्ट्रीय संस्थायें हमें बड़े पैमाने पर पर सहायता देने के लिये तैयार हैं।

[श्री चि० सुब्रह्मण्यम]

इसके अतिरिक्त यह भी आवश्यक है कि हमें किसी हद तक गर्भवती माताओं तथा बच्चों का पालन करने का भी ध्यान रखना होगा इसके लिये बड़े पैमाने पर कार्यक्रम बनाकर उसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने की आवश्यकता है ।

हमारे लिये यह भी आवश्यक हो जाता कि विशेषरूप से सूखे वाले क्षेत्रों में भूमिहीन तथा उन छोटे किसानों को, जिनकी ऋयशक्ति बिल्कुल नहीं है, सहायता देने की व्यवस्था की जाये। योजनाओं के अन्तर्गत लघु सिंचाई, कन्टूर बंदों, भूमि रक्षण के कार्यों का विकास करके उनसे लाभ उठाया जा सकता है। हमें अकाल सहायता का कार्य बड़े पैमाने पर चलाना पड़ेगा । इन योजनाओं को बहुत कम समय में पूरा करने के लिये सूचित कर दिया गया है ।

कुछ क्षेत्रों में पशुओं के लिये चारे की समस्या बहुत गंभीर होती जा रही है। अतः हम चारे के स्टाक जमा करने का प्रयत्न कर रहे हैं । हमने चारा एकत्र करने के लिये विभिन्न वन विभागों और राज्य सरकारों को कह दिया है । चारे की समस्या को हल करने के लिये पशु शिविरों का आयोजन करना आवश्यक हो जाता है । इन शिविरों में हमारे पशु सुरक्षित रख जा सकते हैं । इन शिविरों में पशुओं के लिये पीने के पानी तथा चारे की व्यवस्था की जायेगी । हमने महामारियों का सामना करने के लिये भी कारगर कार्यवाही की है । हम प्रत्येक किस्म की संभावित समस्या के प्रति जागरूक हैं और प्रत्येक के लिये उचित कार्यवाही कर रहे हैं ।

यद्यपि वर्तमान संकटका सामना करने के लिये सरकार अपनी ओर से भरसक प्रयत्न कर रही है, किन्तु इस चुनौती का सामना करने के लिये जनता तथा सभी राजनतिक दलों का सहयोग प्राप्त होना आवश्यक है । सहयोग न मिलने से आसानी से गड़बड़ पैदा हो सकती है । सीमाओं पर हमारे शत्रु हमारे देश के अन्दर गड़बड़ी फैलाने का भरसक प्रयत्न कर रहे हैं । हमें शत्रुओं के इस प्रकार के प्रयत्नों को विफल कर देना चाहिए । जो गंभीर स्थिति आज देशके सामने है उसका हम केवल सहकारी तथा समुचित प्रयत्नों द्वारा ही सफलतापूर्वक मुकाबला कर सकते हैं ।

अनाज के मामले में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिये हम जो कार्यक्रम बना रहे हैं उसके बारे में मैंने विस्तृत विवरण माननीय सदस्यों में वितरित किया है । माननीय सदस्यों को इस सम्बन्ध में सरकार की नीति तथा कार्यक्रमों के बारे में पूरी जानकारी हो गई होगी ।

श्री कर्णी सिंहजी (बीकानेर) : माननीय मंत्री ने अपना भाषण जनसंख्या में वृद्धि से आरंभ किया । किन्तु उन्होंने इस सम्बन्ध में अन्य मंत्रालय से मिलने वाले सहयोग के बारे में कुछ नहीं बताया ।

अध्यक्ष महोदय : स्वास्थ्य मंत्री महोदया यहां पर उपस्थित हैं ।

श्री मधु लिमये : मैं अपना स्थानापन्न प्रस्ताव संख्या 12 प्रस्तुत करता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : अब सभी प्रस्ताव सभा के सामने हैं । मैं सभी राज्यों के प्रतिनिधियों को बोलने का अवसर देने का प्रयत्न करूंगा । मेरे पास 100 से अधिक नाम आये हैं । इतने सदस्यों को बोलने की अनुमति दे सकना संभव नहीं है । अतः माननीय सदस्यों से मेरा अनुरोध है कि वे मिलकर अपने वक्ताओं का चयन कर लें ।

श्री इन्द्रजीत लाल मल्होत्रा (जम्मू तथा काश्मीर) : चूंकि यह एक महत्वपूर्ण विषय है अतः इसके लिये समय बढ़ाया जाना चाहिए ।

अध्यक्ष महोदय : यदि समय अधिक से अधिक बढ़ाया भी जाये तब भी बोलने के इच्छुक सभी माननीय सदस्यों को अवसर देना संभव नहीं होगा ।

श्री सिंहासन सिंह (गोरखपुर) : महोदय आपने कहा कि बोलने के इच्छुक सभी सदस्यों को एक बार से अधिक आपका ध्यान आर्कषित करना पड़ता है। नाम देना ही पर्याप्त नहीं है। अब केवल दलों के नेताओं ने नामों की सूची दी है । अन्य सदस्यों की कोई रूचि नहीं है । वे सभा में उपस्थित नहीं हैं । इस लिये सभा में गणपूर्ति नहीं है । अतः वर्तमान मामले में पहली प्रथा अपनाई जानी चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय : जहां तक कांग्रेसी सदस्यों का सम्बन्ध है, उन्हें मेरा ध्यान आर्कषित करना होगा। अन्य दल अपना वक्ता चुन सकते हैं। जहाँ तक भाषण के लिये समय का सम्बन्ध है, माननीय सदस्यों को बोलने के लिये केवल दस मिनट लेने चाहिए । विरोधी पक्ष निर्धारित समय के अन्तर्गत अपना समय वक्ताओं की सख्या के अनुसार बांट सकते हैं। यदि वे अधिक समय लेंगे तो सभी सदस्यों को अवसर दे सकना संभव नहीं होगा ।

श्री विश्वनाथ राय (देवरिया) : इस चर्चा में प्रत्येक राज्य को एक एकक माना गया है चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो। उत्तर प्रदेश से 60 कांग्रेसी सदस्य हैं किन्तु उसके केवल प्रतिनिधि को बोलने का अवसर दिया गया है ।

अध्यक्ष महोदय : बड़ी संख्या को लाभ हानि दोनों ही होती हैं ।

Shri Sheo Narain (Bansi) : Mr. Speaker, as there is no quorum in the house after 2 P. M. Members catching your eye should only be allowed to speak on this subject. It will automatically solve the quorum problem.

Mr. Speaker : I have already done that whatever was possible. I cannot do any thing more.

Shri Bibhuti Mishra (Motihari) : Mr. Speaker, Sir, I have been observing for the last ten years that some Members are given chance every time to speak in this house where as others are deprived of the opportunity. I therefore request to give equal opportunity to every Member of this House.

Mr. Speaker : We should not waste our time, allotted for this debate on these discussions.

अध्यक्ष महोदय : इन दोनों प्रस्तावों के लिये 12 घंटे निश्चित किये गये हैं। मैं उसे बढ़ाकर 15 घंटे कर देता हूं ।

श्री प्र० के० देव (कालाहाडी) : अध्यक्ष महोदय यद्यपि हम योजना के 15 वर्ष पूरे करने वाले हैं और हमने यह सोचा था कि अब तक हम खाद्यान्न के मामले में आत्म-निर्भर हो जायेंगे, हमने 10 करोड मीट्रिक टन का लक्ष्य भी निश्चित किया था, परन्तु हमारी सभी आशायें गलत सिद्ध हुई हैं ।

[**उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

कमी को पूरा करने के लिये आयात और भी अधिक आवश्यक हो गया है और आयात किये जाने वाले खाद्यान्न की मात्रा प्रति वर्ष बढ़ती जा रही है। यदि हमें पी० एल० 480 के अन्तर्गत खाद्यान्न न मिलता तो स्थिति क्या होती, इसके बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। भारत जसे कृषि प्रधान देश के लिए यह और भी आवश्यक हो जाता है कि खाद्यान्न के उत्पादन पर पूरा बल दिया जाये और इस काम को प्राथमिकता दी जाये। हमें यथा शीघ्र आयात करने की नीति से छुटकारा पाना चाहिए।

[श्री प्र० के० देव]

योजना के पन्द्रह वर्षो और स्वतंत्रता के अठारह वर्षों के बाद भी भारत में कृषि ऋतु पर निर्भर है। चालू वर्ष में दक्षिण-पश्चिमी मौनसूनों के अनिश्चित रहने के कारण हमारे योजना बनाने वालों के अनुमान बिलकुल गलत सिद्ध हुये हैं। एसा अनुमान है कि इस वर्ष के दौरान दो करोड़ से लेकर ढाइ करोड़ मिट्रिक टन तक खाद्यान्न की कमी रहेगी। जहां तक रबी की फसल का सम्बन्ध है, भूमि में नमी नही रहीं है। इसलिए, रबी की फसल अच्छी होने की भी कोई आशा नही है।

देश भर में अकाल जैसे स्थिति के समाचार मिल रहे है गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, मद्रास, मैसूर और केरल से हमें निराशाजनक समाचार प्राप्त हो रहे हैं। आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और उड़ीसा से भी, जो कभी प्रचुरता वाले क्षत्र थे, बुरे समाचार मिल रहे हैं। कालाहांडी की स्थिति निराशाजनक है जिस के सम्बन्ध में यह कहा जाता था कि उस पर समूचा उड़ीसा राज्य चावल के लिए निर्भर है और जो खाद्यान्न के मामले में प्रचुर अन्न वाला दूसरे दर्जे का क्षेत्र है। दुर्भिक्ष चारों ओर दिखाइ दे रहा है और यदि समय पर कदम नहीं उठाये जायेंगे तो स्थिति और भी कठिन हो जायगी।

उड़ीसा की जनता बड़े पैमाने पर अन्य स्थानों को जा रही है। लोग अपने पशु, सम्पत्ति, बर्तन, स्वर्ण आभूषण आदि बेच रहे हैं। उड़ीसा के परिवहन उपमंत्री ने भी यह वक्तव्य दिया है कि कुछ लोग खाद्यान्न की व्यवस्था न होने के कारण अपने बच्चों को बेचने के लिये तैयार हो गये है। वहां की स्थिति इस प्रकार की है। वहां भुखमरी के कई मामले हुये हैं। मुझ यह पढ़कर हैरानी हुई है कि माननीय मंत्री ने कहा है कि बिहार, आसाम, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और पंजाब में चावल के मूल्यों में कमी हुई है यह बिलकूल गलत है।

